हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बुद्ध पूर्णिमा आज



haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026







छत्तीसगढ़ शासन

सुशासन तिहार 2026

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन तिहार 2026

01 मई से 10 जून 2026

गाँव-गाँव, द्वार-द्वार सुशासन की सरकार



जिला स्तर पर लंबित प्रकरणों, जमीन संबंधी मामलों एवं प्रमाण–पत्र से जुड़ी समस्याओं का निराकरण

ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन

उद्देश्य

- समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान
- विकास कार्यों को मिलेगी गति
- जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन
- पारदर्शिता और जवाबदेही से 'जनकल्याण' होगा सुनिश्चित

संवाद से संपूर्ण समाधान

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

श्रमिक दिवस विशेष

- जहां आ रहे हैं अधिक, वहीं सबसे अधिक आवेदन वापस
- पंजीयन नहीं तो सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं



बस्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ में कम रुझान

आंकड़ों से साफ होता है कि जहां मैदानी इलाकों रायपुर, बिलासपुर, मुंगेली में प्रवासियों की संख्या हजारों में है, वहीं बस्तर संभाग के जिलों जैसे कोंडागांव (1), सुकमा (3) और बीजापुर (7) में यह संख्या दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है। यह दर्शाता है कि राज्य के भीतर भी विकास और रोजगार के अवसरों का वितरण काफी असमान है।

दस्तावेजों की दीवार...चार माह में 24 हजार 'श्रमवीर' नहीं बन पाए श्रमिक, लौट गए बैरंग

- पंजीकृत श्रमिकों को मिल रहा सरकारी लाभ
- चार माह में 58 हजार 601 मजदूर रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अलग-अलग बड़े और छोटे शहरों में दूसरे राज्यों और राज्य के ही अन्य जिलों के निर्माण श्रमिक रोजी रोटी की तलाश में जाते हैं, प्रवासी मजदूर कहे जाने वाले इन लोगों को शासन की योजनाओं, सुविधाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराना होता है। श्रम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इसी साल जनवरी से लेकर अप्रैल तक ▶▶|शेष पेज 5 पर



दस्तावेज की 'दीवार' और मजदूरों की मजबूरी

छत्तीसगढ़ में 'भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल' के तहत पंजीकरण के लिए कुछ अनिवार्य दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। जानकारों के मुताबिक, आवेदन निरस्त होने के पीछे मुख्य रूप से इन तीन कागजों की कमी होती है। इसमें नियोजन प्रमाण पत्र सबसे बड़ी बाधा यह साबित होती है कि मजदूर जिस ठेकेदार या बिल्डर के पास काम कर रहा है, वह उसे लिखित में प्रमाण पत्र नहीं देता। सरकारी नियमों के अनुसार, श्रमिक को पिछले एक साल में कम से कम 90 दिन निर्माण कार्य करने का प्रमाण देना अनिवार्य है। ये दस्तावेज दे पाना प्रवासी श्रमिकों के लिए चुनौती बन गया है।

बिलासपुर, मुंगेली प्रवासी श्रमिकों का ठिकाना

आंकड़ों पर नजर डालें तो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सबसे अधिक 11,682 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 10,099 का पंजीकरण सफल रहा। हालांकि, पड़ोसी जिले मुंगेली की स्थिति अधिक चिंताजनक है। यहाँ 11,639 आवेदन मिले, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 4,609 आवेदन (लगभग 40%) दस्तावेजों के अभाव में वापस कर दिए गए।



प्रमुख जिलों की स्थिति ऐसी

बिलासपुर- 11,682 प्राप्त (1,583 निरस्त)मुंगेली- 11,639 प्राप्त (4,609 निरस्त)कवर्धा- 7,831 प्राप्त (3,294 निरस्त)बेमेतरा- 4,170 प्राप्त (2,783 निरस्त

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103903/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

महिला आरक्षण पर शासकीय संकल्प पारित, विपक्ष ने किया बहिष्कार, सीएम साय बोले- आपको माफ नहीं करेगी जनता

विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पेश किए गए महिला आरक्षण के शासकीय संकल्प को मैराथन चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। विपक्ष ने मुख्यमंत्री का भाषण होने के बाद शासकीय संकल्प का विरोध करते हुए सदन से बहिष्कार कर दिया। उनकी गैर मौजूदगी में संकल्प पारित हुआ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने भाषण में महिला आरक्षण का विरोध करने पर कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, इसके लिए जनता आपको माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष ने परिसीमन को लेकर बिल का विरोध किया। विपक्ष का विरोध समझ से परे है। परिसीमन होता, तो क्षेत्र बढ़ता, ज्यादा लोगों को मौका मिलता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को विधानसभा के विशेष सत्र में महिला सशक्तिकरण संबंधी शासकीय संकल्प पेश किया गया। इसमें सीएम,नेता प्रतिपक्ष समेत पक्ष-विपक्ष ने मैराथन चर्चा की। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के मध्य रह रहकर तीर चलते रहे। चर्चा के दौरान अपने भाषण में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, महिला आरक्षण के ऊपर इस पर चर्चा हो रही है और इस चर्चा में पक्ष विपक्ष की सभी हमारे बहनों और पुरुषों ने भाग लिया है। देश की हमारी माता बहनों को एक बहुत बड़ी उम्मीद थी, तरह-तरह से खुशियां भी मना रहे थे। विशेष सत्र में यह संशोधन बिल पास हो जाएगा और आने वाले 2029 के चुनाव से ही विधानसभा लोकसभा के चुनाव में ▶▶|शेष पेज 5 पर

देश और प्रदेश की जनता नहीं करेगी माफ

मुख्यमंत्री ने बताया कि जब मैं रायगढ़ से चार बार सांसद रहा, 350 किलोमीटर का क्षेत्र है। एक सांसद दिन रात भी घूमेगा तो सभी जगह जा नहीं सकता। परिसीमन होता, तो क्षेत्र बंटता, विकास भी होता, लोग वहां तक जाते। जहां तक श्रेय की बात है, पीएम ने कहा था श्रेय आप ले लीजिए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने बड़ी सरलता से अपनी बात रखी। विपक्ष ने परिसीमन, जनगणना की बात को लेकर विरोध किया। इसके लिए देश और प्रदेश की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी। आज भी समय है संकल्प सर्वसम्मति से पारित करेंगे, तो आक्रोश कम हो सकता है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

विपक्ष ने परिसीमन को लेकर बिल का किया विरोध, यह समझ के परे - मुख्यमंत्री



महंत ने कहा- भाजपा की नीयत साफ है, तो मंत्रिमंडल में 33 प्रतिशत आरक्षण दे

विधानसभा के विशेष सत्र में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महिला आरक्षण को लेकर कहा, भाजपा की नीयत साफ है, तो मंत्रिमंडल में 33 प्रतिशत आरक्षण दे दीजिए। इससे संदेश जाएगा कि जो आप कहते हैं, वह करते हैं। रेणुका सिंह, गोमती साय, लता उसेंडी, भावना बोहरा जैसी योग्य विधायक हैं। रेणुका सिंह को सीएम नहीं बना सकते, तो डिप्टी सीएम ही बना दीजिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, सदन के बाहर विपक्ष की निंदा करने की बात कही गई। मुख्यमंत्री ▶▶|शेष पेज 5 पर



डॉ. चरणदास महंत

खबर संक्षेप

यूजीसी-नेट जून 2026 के लिए पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा के लिए 'ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल' शुरू कर दिया है। यह परीक्षा 22 से 30 जून के बीच 85 विषयों के लिए आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा यूजीसी की ओर से देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'जूनियर रिसर्च फेलोशिप' प्रदान करने, 'असिस्टेंट प्रोफेसर' के रूप में नियुक्ति और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

नेपाल में जीप खाई में गिरने से 17 की मौत

काठमांडू। नेपाल के रोल्पा जिले में एक जीप पहाड़ी सड़क से फिसलकर लगभग 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना थवांग ग्रामीण नगरपालिका के जलजाला क्षेत्र में हुई, जब वाहन पहाड़ी से नीचे गिर गया। शुक्रवार को जलजाला में आयोजित बैसाख पूर्णिमा उत्सव में भाग लेने जा रहे स्थानीय लोगों ने निजी जीप किराए पर ली थी।

परमाणु क्षमताओं की रक्षा करेगा ईरान

दुबई। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस्लामिक गणराज्य अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में संरक्षित रखेगा। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्धविराम को स्थायी बनाने के लिए व्यापक समझौते की कोशिश कर रहे हैं। फारस की खाड़ी में अमेरिकियों की जगह केवल इसके पानी की तह में है।

बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर में कारोबारी ठिकानों पर छापा

भारतमाला और शराब घोटाले में कारोबारी और सीए के निवास पर ईडी का धावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतमाला परियोजना में पांच सौ करोड़ रुपए की आर्थिक गड़बड़ी मामले में ईडी ने अंबिकापुर, दुर्ग, बिलासपुर में कंस्ट्रक्शन तथा सराफा कारोबार से जुड़े कारोबारियों के आधा दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। इसके साथ ही तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला प्रकरण में बिलासपुर के एक सराफा कारोबारी के ठिकाने पर धावा बोला है। इन ठिकानों पर देर तक जांच जारी रही।

भारतमाला परियोजना घोटाले में ईडी की छापे की यह दूसरी कार्रवाई है। इसके पूर्व ईडी ने अभनपुर, कुरुद में सोमवार को पड़ताल की थी। ईडी के सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई तड़के पांच से छह बजे के बीच शुरू की गई। ईडी के आधा दर्जन अधिकारियों की टीम दुर्ग के अमर इंफ्रा ग्रुप पहुंची। इस समूह की 6 फर्म हैं। दुर्ग में 'अमर इंफ्रा' के संचालक और भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के निवास और दफ्तर पर टीम ने दबिश दी, जहां उनके विभिन्न फर्मों से जुड़े वित्तीय दस्तावेजों और निवेश रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक राठी ▶▶|शेष पेज 5 पर

सराफा कारोबारी के ठिकानों पर रेड

ईडी की टीम ने शराब घोटाले में बिलासपुर में सराफा कारोबारी विवेक अग्रवाल और विकास अग्रवाल के ठिकानों को भी घेरा है। इनकी मध्य नगरी चौक में श्री राम ज्वेलर्स के नाम से फर्म है। विकास, शराब घोटाले का किंग पिन अनवर ढेबर का करीबी बताया गया है। कारोबारी के ठिकानों पर ईडी के दस से अधिक अधिकारी जांच कर रहे हैं।

रायपुर, भिलाई में सीए निवास इंजीनियरिंग पार्क में छापे

भारतमाला परियोजना घोटाला में शामिल एक प्रापर्टी डीलर के सीए के घर ईडी के छापे की चर्चा है। छापे की कार्रवाई सीए के रायपुर स्थित कचना स्थित निवास में किए जाने की बात सामने आई है। इसी के साथ ही भिलाई के विट्रल पुरम में केमिकल फैक्ट्री के संचालक तथा हथखोज में कांग्रेस नेता के करीबी के इंजीनियरिंग पार्क में ईडी के छापे की चर्चा है।

दसवीं-बारहवीं....राजधानी सहित दुर्ग और बिलासपुर आदिवासी जिलों से पिछड़ गए

बीजापुर, नारायणपुर से टॉपर कोई नहीं, पर टॉप पर दोनों जिले, पिछड़ गए मैदानी इलाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में बीजापुर, नारायणपुर जिले ऐसे हैं, जहां से दसवीं-बारहवीं में किसी विद्यार्थी ने टॉप टेन में जगह नहीं बनाई, पर दोनों जिलों के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि यहां पास होने वाले बच्चों की संख्या राजधानी रायपुर और बिलासपुर जैसे सुविधायुक्त शहरों से कहीं ज्यादा है। दोनों जिले टॉप पर हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 3.16 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 77.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। इसी तरह से बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 2.44 लाख छात्र शामिल हुए थे। हायर सेकंडरी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत 83.04 रहा। अब जिलेवार भी उत्तीर्ण छात्रों की संख्या साझा कर दी गई है। प्रदेश में दोनों ही कक्षाओं में सर्वाधिक बेहतर परिणाम बीजापुर, नारायणपुर और कोरिया जिले के रहे हैं, जबकि रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जैसे बड़े और अपेक्षाकृत अधिक सुविधायुक्त शहर पिछड़ गए हैं। दसवीं कक्षा में बीजापुर में 96% तथा नारायणपुर में 95% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

कक्षा 10वीं: राज्य में जिले का स्थान 2025-26

क्र.	जिला का नाम	योग
1	बीजापुर	96.06
2	नारायणपुर	94.80
3	कांकेर	93.68
4	जशपुर	93.29
5	कोरिया	93.02
6	दंतेवाड़ा	93.00
7	सुकमा	91.29
8	बस्तर	90.60
9	राजनांदगांव	89.41
10	एमएमएसी	88.06
11	सारंगढ़-बिलागढ़	87.32
12	मुंगेली	86.80
13	बलरामपुर	84.63
14	गरियाबंद	84.16

▶▶|शेष पेज 5 पर

कक्षा 12वीं: राज्य में जिले का स्थान 2025-26

क्र.	जिला का नाम	योग
1	कोरिया	95.64
2	बीजापुर	95.63
3	कांकेर	93.75
4	जशपुर	93.32
5	गरियाबंद	92.89
6	मुंगेली	92.57
7	बस्तर	92.34
8	एमएमएसी	92.07
9	सारंगढ़-बिलागढ़	88.98
10	राजनांदगांव	87.56
11	दंतेवाड़ा	87.40
12	नारायणपुर	86.92
13	सूरजपुर	86.46
14	जीपीएम	86.38

▶▶|शेष पेज 5 पर

ओ३म्
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे
(हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें)
(यजुर्वेद 36.18)



स्व. माता परमेश्वरी देवी
(01 मई 1936 - 20 जून 2025)
की 91वीं जन्म-जयंती पर
भावपूर्ण स्मरण
आपके विचार व सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे
परममित्र मानव निर्माण संस्थान

www.anjaneyauniversity.ac.in

ANJANEYA UNIVERSITY

SHAPING TOMORROW'S INFLUENCERS

POWERED BY

ROTARY CLUB OF RAIPUR GREATER

ANOPCHAND TILOKCHAND Jewellers

SILVER OAK Residential Plots & Bungalows

UDAAN 26 ANNUAL FEST

1st-3rd MAY 2026

3 DAYS OF CELEBRATION, CREATIVITY & EXCELLENCE

DAY 1
1 MAY
MUSICAL THEATRE
(बैकुंठ द्वार से मोक्ष तक)

DAY 2
2 MAY
THE ANNUAL FEST

DAY 3
3 MAY
LIVE CONCERT

CHIEF GUEST
HON'BLE
SHRI TANK RAM VERMA JI
MINISTER OF HIGHER EDUCATION
CHHATTISGARH
[2ND MAY 2026]

GUEST OF HONOR
HON'BLE
SHRI BRIJMOHAN AGRAWAL JI
CABINET MINISTER
GOVERMENT OF CHHATTISGARH



ASSOCIATE PARTNER
EN-ICON Harvesting the sun
GRAND HONDA
Cafe

OUTDOOR PARTNER
ASA ADVERTISING AGENCY
RAGHAV Advertising
Rajesh Publicity

SUPPORTING PARTNER
श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर
RUN BY - SHRI SAMBHAV AGENCY RAIPUR
ब्रांडेड जेनेरिक मेडिसिन पर 72% की छूट
Vishwa Bharti Automobiles Pvt. Ltd.
MARUTI SUZUKI ARENA | MARUTI SUZUKI NEXA
ILS HOSPITALS
ALOHA HOTELS AND RESORTS
VB TOWER
VLCC SCHOOL OF BEAUTY RAIPUR
Shree Balaji BUILDERS

EVENT PARTNER
Glitters Entertainment

MERCHANDISE PARTNER
DIGITALVEDA
open compas
Bhraman
FRIENDS
TIKARIHA ADVISORS
ANJANEYA AVATARS

PROGRAMS OFFERED @ AU

COMPUTER SCIENCE
(BCA, MCA, DCA, PGDCA)
Specialization in (Digital Marketing & E-commerce
Code Side Development)
(B.Sc.)Information Technology | Computer Science
Digital Marketing
Master in Data Science

SCIENCE
(B.Sc., M.Sc.)
Microbiology | Biochemistry | Physics | Forensic Sc
Bioinformatics | Biotechnology | Chemistry
Mathematics | Biology | Zoology | Botany

MANAGEMENT
(BBA, MBA)
BBA in (HR/Finance/Marketing/Fintech/ Hotel Management)
MBA in (HR/Finance/Marketing/Hotel Management
Logistic & Supply Chain/Dual Specialization/ Real Estate
Family Business & Entrepreneurship/ Digital Marketing
Cyber Security/ Data Analytics)

ARTS & HUMANITIES
(BA, MA, BSW, MSW)
Diploma in Dance and Music
Bachelor of Arts & Master of Arts (Economics | English Lit.
Geography | Hindi Lit. | Political Science | Sociology
Psychology)

ENGINEERING
(B.Tech, M.Tech, Lateral, Diploma)
Specialization in Artificial Intelligence | Machine Learning
Data Science | Cyber Security | Mechatronics |
Digital Marketing & E-Commerce | Tool Design
Hydraulic & Water Resource | Infrastructure Management

FASHION & INTERIOR
(B.Des., M.Des, Diploma)

FILM MAKING
(BA & MA in Film Making)
Diploma (Film Making | Cinematography | Film Direcrtion
Screen Writing | Animation | Visual Effects(VFX)
Post Production | Film Production)

JOURNALISM & MASS COM.
(BAJMC, MAJMC, PGDJ, BJMC, MJMC)
Diploma (News Reading | Media Studies | Journalism
Anchoring & Reporting)

PHARMACY
Diploma in Pharmacy (D.Pharm.)
Bachelor in Pharmacy (B.Pharm.)

EDUCATION
(B.Ed., D.EL.D)
MA in Education *BPES & MPES
BA & MA in Yoga

COMMERCE
(B.Com., M.Com.)

LAW
LLM, LLB, BA LLB, *BBA LLB

RESEARCH (Ph.D.)

ACCREDITATION & RECOGNITION
THE UNIVERSITY GRANTS COMMISSION UGC | ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION | BAR COUNCIL OF INDIA | MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA | CONFEDERATION OF INDIAN INDUSTRY | STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING | PRADHAN MANTRI KAUSHAL VIKAS YOJANA | PHARMACY COUNCIL OF INDIA | DDU-GKY | SKILL INDIA | NATIONAL COUNCIL FOR TEACHER EDUCATION | NATIONAL SKILL DEVELOPMENT CORPORATION

HIGHEST CTC - 20 LPA
AVERAGE CTC - 7.4 LPA
100% PLACEMENT ASSISTANCE

ADMISSION ENQUIRY 88967 96788 88897 22225

MAIN CAMPUS : KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR OLD VIDHAN SABHA, RAIPUR

SUNDAY OPEN

ADMISSION OPEN 2026-27
SCAN & APPLY NOW

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

श्रमिक दिवस आज



बास्तानार ब्लाक में चुआं का पानी पीने मजबूर ग्रामीण



बस्तर में नल-जल योजना अधूरी, टंकी बनी पर घरों तक पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अप्रैल में ही मई-जून जैसी भीषण गर्मी पड़ने से बस्तर संभाग में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। अधिकांश तालाब और कुएं सूख चुके हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। विशेष रूप से बस्तर जिले का बास्तानार विकासखंड जो पहले से ही सिंचाई सुविधाओं के मामले में पिछड़ा है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। जिससे क्षेत्र के हैंडपंप और बोरवेल जवाब देने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीणों को चुआं (प्राकृतिक जल स्रोत) का पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ⏭शेष पेज 5 पर



ग्रामीणों ने नहीं दी जानकारी

बास्तानार ब्लाक के बड़े बोदल में गर्मी के दिनों में पेयजल समस्या होती है। लेकिन बोरिंग से पानी की आपूर्ति हो जाती है। यदि बोर से पानी नही आ रहा है, इसकी जानकारी ग्रामीणों ने नही दी है। मैं अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र व्यवस्था करवाता हूं।

-विनायक गोयल
विधायक, चित्रकोट

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल इलाके यानी जंगल पहाड़ वाले क्षेत्रों में सैकड़ों गांवों तक जल जीवन मिशन की नल-जल योजना अब तक नहीं पहुंची है। कई गांवों में तो योजना का नामों निशान नहीं है, कुछ गांवों तक आंशिक रूप से योजना पहुंची है। कुल मिलाकर योजना का कोई लाभ इन क्षेत्रों को नहीं मिल रहा है। ऐसे इलाकों में पूरा बस्तर और सरगुजा संभाग शामिल है। जबकि रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ क्षेत्रों में ऐसी स्थिति है। राजनांदगांव जिले के कबीरधाम में 45 फीसदी तक आदिवासी रहते हैं। जंगल पहाड़ वाले क्षेत्रों के दर्जनों गांवों में पीने के पानी का उचित इंतजाम नहीं है, लिहाजा कई गांवों में लोग झिरिया या चुवां जैसे स्रोत के पानी से गुजारा कर रहे हैं। जो इनके स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। हरिभूमि ने ऐसे गांवों का दर्द को समझा, पेश है कवर्धा और जगदलपुर से रिपोर्ट ...

भीषण गर्मी में सूख गए जलस्त्रोत झिरिया ही सहारा

इनके अमूल्य श्रम का करिए सम्मान पानी के लिए पांच किमी का दुर्गम सफर

महेश मिश्रा ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के कुकदुर तहसील अंतर्गत पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में बसे ग्राम पंचायत सेंदुरखार के आश्रित गांव आज भी मूलभूत सुविधा पेयजल से वंचित है। वर्षों से जारी इस समस्या के कारण आदिवासी परिवारों का दैनिक जीवन कठिनाइयों से घिरा हुआ है। ग्रामीणों को हर दिन पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। बांगर क्षेत्र के चौऊरडोंगरी में 31 घर बैगा परिवार, ऐरुगटोला-टीकरीटोला में 43 घर बैगा परिवार तथा सांईटोला-राहीडांढ़ में लगभग 40 घर ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

आदिवासी महिलाएं रोज ढो रहीं झिरिया का पानी





कई बार की मांग कोई पहल नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद इन दुर्गम इलाकों तक सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इन गांवों में प्राथमिकता के आधार पर हैंडपंप लगाएं, नल-जल योजना का विस्तार या अन्य वैकल्पिक स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

ईरान-अमेरिका टकराव का असर, भारत में बढ़ सकती हैं कीमतें

युद्ध से कच्चे तेल में हाहाकार, चार साल में पहली बार 125 डॉलर पार

शेयर बाजार में भी दिखा असर सेंसेक्स 583 और निफ्टी 180 अंक गिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतें पिछले चार साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। इधर, कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। एक रिपोर्ट में सामने आया है कि बातचीत ठप होने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान पर नए सैन्य हमलों की योजना पर ब्रीफिंग लेने वाले हैं। वो ईरान को बातचीत की टेबल पर लाने की कोशिश में हैं और इसके लिए उसके खिलाफ बड़े कदम उठा सकते हैं। इस खबर के बाद तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड एक समय 125 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। इसके बाद 126 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

एक्सपर्ट व्यू

भारत में क्या पड़ सकता है इसका असर?

भारत दुनिया के तेल आयातक देशों में तीसरे स्थान पर है, जो अपनी जरूरत का लगभग 80 से 85% कच्चा तेल आयात करता है। जिसमें लगभग 80% हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मूज से होकर आता है, जो अमेरिका ईरान तनाव के कारण बंद है। एनर्जी एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा ने कहा, अगर कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं या थोड़ी से नीचे नहीं आती हैं तो आज नहीं तो आने वाले समय में तेल कंपनियों के पास कोई विकल्प नहीं होगा और उन्हें पेट्रोल-डीजल की कीमतें आम उपभोक्ताओं के लिए बढ़ानी होंगी। यह भी हो सकता है कि सरकार ने टैक्स में जो पहले राहत दी थी और यह भी संभव है कि और ज्यादा राहत देनी पड़े।

कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार फिसला

कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

देशभर में अलग-अलग मौसम, 24 घंटे में 24 की मौत, खराब मौसम से जबलपुर में बरगी डैम में पलटा क्रूज

छग के उदंती में भारी ओलावृष्टि, बिछी सफेद चादर, देश के कई इलाकों में बदली-बारिश

देश में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मौसम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में लगभग आधे घंटे तक तेज हवा के बीच झमाझम बारिश और जमकर ओलावृष्टि हुई। कुछ ऐसा ही हाल राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का रहा, जहां तेज आंधी चली और ओलावृष्टि एवं बारिश हुई। इस बीच, देशभर में करीब 24 लोगों की मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर/नई दिल्ली

सुबह से तेज धूप झुलसा रही थी, दोपहर तक पारा 42 डिग्री तापमान तक जा पहुंचा था, लेकिन दोपहर दो बजे अचानक मौसम बदलने लगा और गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में लगभग आधे घंटे तक तेज हवा के बीच झमाझम बारिश और जमकर ओलावृष्टि हुई। इसके चलते जहां कई जगह बड़े-बड़े वृक्ष धराशायी हो गए तो वहीं वनोपज चार, महुआ, तेंदूपत्ता को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि यह आंधी तूफान और ओलावृष्टि मात्र 20 किलोमीटर एरिया के अंतर्गत बसे ग्राम इंदागांव, कोयबा, करलाझर, साहेबिनकछार, नागेश, अमाड़, कुर्रूभाठा, बरगांव, बम्हनीझोला, खासरपानी गांव के आसपास ही हुई है। जबकि मैनपुर नगर व क्षेत्र भीषण गर्मी और तेज धूप से ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर





मप्र में क्रूज डूबा, चार के शव निकाले, 18 लापता

मध्यप्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 30 से अधिक लोग सवार थे। चार लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। सूचना मिलते ही बरगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। हादसे की वजह अचानक आया तेज तूफान बताया जा रहा है, जिससे क्रूज असंतुलित हो गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

दिल्ली में तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि

दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी चली तथा ओलावृष्टि एवं बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। आईएमडी ने मौसम के और ऐसे तीव्र रूप की आशंका जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। शहर में जगह-जगह आसमान में काले बादल छा गये, 70 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं तथा गरज के साथ बौछारें पड़ीं।

यूपी, बिहार में गई जान

उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। उत्तराखंड के मसूरी में गुरुवार को ओले गिरे। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी।

टीएमसी-भाजपा में तकरार, भारी सुरक्षा बल तैनात

स्ट्रांग रूम पहुंचीं ममता, ईसी ने कहा- कोई गड़बड़ नहीं

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बीच कोलकाता में सियासी तनाव बढ़ गया है। शशि पांजा और कुणाल घोष ने नेताजी इंडोर स्टेडियम के बाहर स्ट्रांग रूम के सामने धरना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग के कुछ अधिकारी बिना पार्टी प्रतिनिधियों की मौजूदगी के बैलेट बॉक्स खोलने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता भी वहां पहुंच गई हैं। सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। बाद में चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की और टीएमसी ने धरना भी खत्म कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता गुरुवार को दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचीं।



सभी स्ट्रांग रूम पूरी तरह सुरक्षित

मामले पर चुनाव अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि परिसर में सात विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रॉन्ग रूम मौजूद हैं, जिन्हें मतदान के बाद उम्मीदवारों, एजेंटों और ऑब्जर्वर की मौजूदगी में सील किया गया था। आखिरी स्ट्रॉन्ग रूम सुबह करीब 5:15 बजे बंद किया गया। अधिकारियों के अनुसार सभी स्ट्रॉन्ग रूम पूरी तरह सुरक्षित और लॉक हैं।

संस्कृत विद्यामंडलम : नतीजों में 27% की छलांग!

10वीं का परिणाम पहुंचा 53% से 80% पर, 12वीं में 22% का उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संस्कृत विद्यामंडलम ने अपने प्रदर्शन में वह सुधार कर दिखाया है जो आज तक सीबीएसई और माध्यमिक शिक्षा मंडल भी नहीं कर सका है। संस्कृत विद्यामंडलम सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। नवमी से बारहवीं कक्षा तक के परिणामों की घोषणा इस दौरान की गई। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 80% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। यह बीते वर्ष की तुलना में 27% अधिक है। पिछले सत्र 2024-25 में दसवीं कक्षा में सिर्फ 53% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके थे। बारहवीं कक्षा के परिणाम 93.56 ⏭शेष पेज 5 पर



टॉपर्स की घोषणा भी

अपवाद स्वरूप पिछले सत्र को छोड़कर सभी सत्रों में संस्कृत विद्यामंडलम के परिणाम आश्चर्यजनक रूप से 90% अथवा उससे अधिक ही रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पूर्व सत्र 2023-2024 में टॉपर्स कांड के दौरान संस्कृत विद्यामंडलम ने पूरे परिणाम रद्द कर दोबारा नतीजे घोषित किए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्रों को फर्जी तरीके से उत्तीर्ण कराने और उन्हें टॉपर्स लिस्ट में शामिल करने ⏭शेष पेज 5 पर

12वीं में डोलेंद्र और 10वीं में बिंदु टॉपर

बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर जशपुर के डोलेंद्र 81.29% अंकों के साथ रहे। दूसरे स्थान पर 81.14% के साथ जशपुर की ही अलिना भगत रहीं। तीसरे स्थान पर 81% प्राप्त कर जशपुर के निर्मल सिंह रहे। इसी तरह दसवीं कक्षा में जशपुर की बिंदु यादव 79.86% प्रथम, महासमुंद के जितेश वर्मा 79.14% द्वितीय व जशपुर की अंजु ध्वज 78.57% तृतीय रही।



खबर संक्षेप

चार यूरोपीय देशों की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऊर्जा प्रवाह की सुरक्षा, पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यापार बाधाओं को कम करने और अहम प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने के एजेंडे के साथ अगले महीने यूरोप के चार देशों की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री 15 से 20 मई तक नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री अपने यूरोपीय दौरे की शुरुआत में या अंत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का संक्षिप्त दौरा कर सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा- कानून में करें बदलाव

रेप विक्टिम के अबॉर्शन पर समय सीमा हटाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि किसी नाबालिग लड़की को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से बलात्कार पीड़िताओं को 20 सप्ताह से अधिक अवधि के बाद भी अनचाहे गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन करने को कहा। नाबालिग समेत बलात्कार पीड़िताओं और अपने शरीर पर उनके अधिकार के मुद्दे पर दूरगामी असर डालने वाले फैसले में सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एम्स की याचिका पर कड़ी आपत्ति जतायी।

20 सप्ताह से अधिक अवधि के बाद भी अनचाहे गर्भ का मामला

क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को अपने आदेश में कहा था कि लड़की 15 वर्ष की है और अनचाही गर्भावस्था है इसलिए इसे जारी रखना नाबालिग गर्भवती के हित में नहीं है, विशेषकर तब जब उसने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया है। इन परिस्थितियों में हम निर्देश देते हैं कि अपीलकर्ता की पुत्री को गर्भावस्था का चिकित्सकीय समापन कराने की अनुमति दी जाती है।



एम्स की पुनर्विचार याचिका खारिज

शीर्ष अदालत ने एम्स द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को भी खारिज कर दिया और कहा कि अनचाहे गर्भ के चिकित्सकीय समापन को गर्भावस्था के काफी हफ्ते बीत जाने या भ्रूण की सामान्य स्थिति के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता।

गर्भसमापन का फैसला पीड़िता की मर्जी पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गर्भसमापन का फैसला पीड़िता और उसके माता-पिता की मर्जी पर निर्भर करेगा और एम्स उन्हें सोच-समझकर फैसला लेने में मदद कर सकता है। पीठ ने कहा, बच्ची और उसके माता-पिता को सब कुछ समझाइए। उसके बाद यदि वे अपना विचार बदलना चाहें, तो हम देखेंगे। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिछले सप्ताह कहा था कि मां बनने वाली महिला की प्रजनन स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए।

चिंतन

अब अमेरिका-ईरान में सोशल मीडिया पर जंग

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ा टकराव अब सिर्फ सैन्य या कूटनीतिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई जंग के रूप में सामने आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाजी इस बात का संकेत है कि आधुनिक युद्ध का एक बड़ा हथियार अब शब्द, तस्वीरें और डिजिटल संदेश बन चुके हैं। ट्रंप की हालिया पोस्ट जिसमें "तूफान आने वाला है" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश है। इससे पहले भी वे अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर चुके हैं, जिसमें वे एक असॉल्ट राइफल पकड़े हुए हैं और साथ में लिखा है, 'अब और नहीं, मिस्टर नाइस गाय'। यह भाषा दर्शाती है कि वे खुद को आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तविक ताकत का प्रदर्शन है या कमजोर पड़ती रणनीति को छिपाने का प्रयास? ट्रंप वैसे भी सोशल मीडिया पर प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए जाने जाते हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी ट्रंप ने कई बार कहा कि इस जंग में कई विमान मार गिराए हैं, लेकिन कभी यह नहीं बताया कि ये लड़ाकू विमान किसके थे। अब करीब सालभर बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि इस युद्ध में पाकिस्तान के 11 फाइटर जेट क्रैश हुए थे। ऐसे दावे न केवल भ्रम फैलाते हैं, बल्कि सुरक्षाबलों के मनोबल को कमजोर करते हैं। ईरान युद्ध में ट्रंप जिस तरह से बैकफुट पर दिख रहे हैं, उससे साफ है कि अब उनके हाथ में बहुत पत्ते नहीं रह गए हैं। अपनी आदत के अनुरूप वह युद्ध में खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं, इसलिए सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। पेजेश्कियान का बयान कि अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी असफल होगी, सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उन्होंने 'नेशनल पर्शियन गल्फ डे' के मौके पर कहा कि इस तरह की नाकाबंदी अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। यह जल्द ही 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता मुर्तजा खामेनेई ने भी अमेरिका को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि फारस की खाड़ी में उनके लिए जगह केवल समुद्र की तलहटी है। वहीं, स्वतंत्र पर्यवेक्षकों का कहना है कि ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसिस को भारी नुकसान पहुंचाया है और उसके सभी हथियारों को नष्ट कर दिया है। इन बेसिस को दोबारा बनाने में अरबों डॉलर खर्च होंगे। अब अमेरिका यहां यूरोप और एशिया से हथियार ला रहा है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को कमजोर समझकर बहुत बड़ी गलती कर दी है। ईरानी नेतृत्व अब ट्रंप के दावों का मजाक उड़ा रहा है और तंज कस रहा है कि होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया को नुकसान हो रहा है। आखिरकार, सवाल यह उठता है कि क्या सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही यह जंग किसी वास्तविक समाधान की ओर ले जाएगी, या सिर्फ हालात को और बिगाड़ेगी? आज जरूरत है संयम और जिम्मेदार कूटनीति की, क्योंकि डिजिटल दुनिया में बोले गए शब्द भी कभी-कभी असली गोलियों से ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं।



बंगाल चुनाव

प्रमोद भार्गव

घुसपैठ से मुक्ति के लिए बदलाव की लहर

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। कई जिलों में मुस्लिमों की आबादी 90 से 95 फीसदी तक पहुंच गई है। इन बदतर हुए हालातों के प्रति नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मतदाताओं को जागरूक किया। हिंदू संदेशखाली और आरजीकर में हुए महिला दुष्कर्मों के चलते ध्रुवीकृत हुए। भाजपा ने इन मुद्दों को भुनाने की दृष्टि से आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई डॉक्टर की मां रत्ना देबनाथ को और संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्र को उम्मीदवार बनाया था। इन महिलाओं की उम्मीदवारी से बंगाल की महिलाओं में संवेदना जगी और बदलाव की लहर बनाने में उनकी प्रमुख भागीदारी रही। इन सब बिंदुओं के उभार ने बंगाल में कुल मतदान को 92.47 प्रतिशत तक पहुंचाकर लोकतंत्र की गरिमा को महिमामंडित करने का काम कर दिया। इसी का परिणाम है कि छह में से पांच एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं।

ये पोल असम में दूसरी बार भाजपा को एकतरफा जीत का ऐलान कर रहे हैं। वहीं, तमिलनाडु में द्रमुक की जीत लगभग तय है। केरल में कांग्रेस को हरी झंडी दिखाई है। पुडुचेरी में भाजपा को कांग्रेस से बहुत आगे बता दिया है। अर्थात पांच राज्यों में से तीन में भाजपा का डंका बजने जा रहा है। मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्शन लिया। इस कारण लंबे समय तक अराजक तत्वों द्वारा मतदान रोकना संभव नहीं हो पाया। किसी भी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही केंद्रीय बलों के जवान उसे नियंत्रित करने में सफल दिखे। पहली बार अमल में लाई गई त्वरित प्रतिक्रिया दल ने भी अपने दायित्व का पूर्ण रूप से दायित्व का पालन किया। बावजूद सच्चाई का पता चार मई को आने वाले परिणामों से ही चलेगा। बंगाल के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि न तो बमों के धमाके हुए और न ही बंदूकों से गोलियां गरजीं। अतएव न रक्त बहा और न ही कोई मौत हुई। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो स्वतंत्र मतदान शांतिपूर्ण रहा। ऐसा 2.40 लाख सैन्य बलों की तैनाती के चलते संभव हुआ, इसीलिए बंगाल में पहली बार लगा कि सही मायनों में लोकतंत्र के इस पर्व में सभी समुदाय के लोग सद्भाव के साथ शामिल हुए है। बावजूद बौद्धिक पाखंडी बढ़े मतदान को ममता की वापसी बता रहे हैं। इस बार बंगाल में पिछली बार की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। ये वोट भाजपा के पक्ष में जाते दिख रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के जरिए भी घुसपैठ करके अवैध मतदाता बने करीब 92 लाख मतदाताओं को मत से वंचित कर दिया है। इनमें से बढ़ा प्रतिशत



तृणमूल के समर्थकों का रहा है, क्योंकि ये लोग जानते थे कि भाजपा आई तो बंगाल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए मुस्तैद हो जाएगी। भाजपा चूंकि वामदलों की तरह अनुशासन कार्यकर्ताओं का राजनीतिक दल है। संघ के जमीनी स्वयंसेवकों का भी उसे सहयोग मिलता है। ये लोग अपने दल का अस्तित्व बनाए रखने की चिंता के चलते पार्टी के हितों की रक्षा करने को तत्पर रहते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश है, वहीं एग्जिट पोल अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने का प्रयास है। एग्जिट पोल मतदान के चलते कराए जाते हैं, इसलिए ये वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान माने जाते हैं। अतएव कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्ट और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरूकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तोलना बड़ी भूल होगी? सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है। मध्यप्रदेश विधानसभा-2023 के चुनाव में लाडली बहना योजना के चलते महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया था, जो भाजपा के पक्ष में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसलिए मध्यप्रदेश में भाजपा चुनाव जीत पाई थी। पारंपरिक नजरिए से मतदान में बड़ी रुचि को सामान्यतः एंटी इनकमबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनावों में बदली है। 2023, 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई, जबकि बंगाल में 2011 में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी। गोया,चुनाव विश्लेषकों और राजनीतिक दलों को अब किसी मुगालते में रहने की जरूरत नहीं है। मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं। बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर देता है।

हालांकि हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। बढ़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण है, जिसके चलते एग्जिट पोल एकतरफा नहीं रह गए हैं, क्योंकि इसके सर्वे के नमूने का प्रतिशत बहुत कम होता है। गोया, इस आधार पर बड़े मतदाता समूह की मंशा की पड़ताल करना और व्यावहारिक नतीजे पर पहुंचना बहुत कठिन काम है। वैसे भी अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रही हैं। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी न किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, जिसे तटस्थ नहीं कहा जा सकता है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जन्मदिवस विशेष

शरद मिश्रा

सर्वप्रिय सबके प्यारे मोहन भैय्या

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि समूचे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता-जनार्दन के लिए संकल्प, समर्पण और समाधान की एक सटीक मिसाल हो सकते हैं। पिछले करीब 40 सालों से जनता में दुःख दर्द में हमेशा काम आने वाले एक सर्वप्रिय नेता की छवि कायम रखते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने देश के अन्य नेताओं को अपने संकल्प, समर्पण से जनहित पर समाधान की जो राह दिखाई है वो अद्भुत, अविश्वसनीय और अविस्मरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल यानी सब के प्यारे मोहन भैय्या लोकतंत्र का संकल्प, समर्पण और सम्पूर्ण समाधान हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगातार 8 बार के विधायक, (1989 से 2023) तक साथ ही हर बार पिछले बार से ज्यादा वोट मार्जिन से जीतना कोई आसान काम नहीं है। 1989 में ही अपने पहले निर्वाचन में अविभाजित मध्यप्रदेश की तत्कालीन सुंदर लाल पटवा की भाजपा सरकार में स्थानीय शासन मंत्री बने बृजमोहन अग्रवाल को अविभाजित मध्यप्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान भी हासिल हुआ। देश में ऐसे कुछ नेता,जनप्रतिनिधि अवश्य हैं, जो अपने निर्वाचन क्षेत्र से पिछले 20, 30 सालों से लगातार जीतते आ रहे हों लेकिन उनके और रायपुर के बृजमोहन अग्रवाल के चमत्कारिक राजनैतिक उत्कर्ष- वैभव की बात करें तो हमें मिलेगा कि बिना किसी जोर दबाव, दबंगई के जनता के मन मस्तिष्क यानी जेहन में जो स्थान बृजमोहन अग्रवाल ने बनाया है वो देश के अन्य नेताओं के लिए अनुकरणीय हो सकता है। सबके प्रति प्रेम, सहयोग, दोस्ती, मित्रता का भाव बृजमोहन अग्रवाल के व्यक्तित्व की सबसे अहम खासियत है, उसमें समय के साथ लगातार और निखार भी आता जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल 65 पार हो चुके हैं लेकिन ऊर्जा और सक्रियता पर अभी भी 40 के बांके जवान को मीलों पीछे छोड़ देंगे। उनमें अभी भी 15 साल की राजनैतिक मेहनत और सक्रियता पूरी तन्मयता से बाकी है। आधी रात में भी जनता को मदद करने में हमेशा से आगे रहने वाले आपके, हमारे ही नहीं बल्कि सबके मोहन भैय्या यानी बृजमोहन अग्रवाल रायपुर से 2024 की लोकसभा में सांसद बनने के बाद छत्तीसगढ़ पर संसद में लगातार सवाल उठाकर विकसित छत्तीसगढ़ पर केंद्र की मोदी सरकार के लिए और पुख्ता आधार तैयार करने में प्रबल सहयोग कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ पर महीन से महीन बारीक जानकारी रखते हुए उसे राज्य के विकास के लिये बेहतर से बेहतर ढंग से क्रियान्वित करना कोई मोहन भैय्या से सीखे। पत्रकारिता जगत में पत्रकारों के बीच मित्रवत व्यवहार मोहन भैय्या के अंदर पत्रकारिता कौशल का कुशल परिचायक है। खबरों को विषय वस्तु के साथ सटीक ढंग से संपादित करना शायद बृजमोहन अग्रवाल जी से आज के पत्रकारों को सीखना चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल जी की पत्रकारों से दोस्ती भी पूरे देश में चर्चित है। संसद सत्र के दौरान पत्रकारों की बृजमोहन अग्रवाल के नाम पर उत्सुकता इसका प्रमाण है,और मैं इसका प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। चेन्नै, हैदराबाद से दिल्ली होते हुए बनारस, लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल, रायपुर के पत्रकारों में बृजमोहन जी को लेकर एक विशेष लगाव और प्यार देखने को मिलता है।

अविभाजित मध्यप्रदेश में 80 के मध्य दशक में रायपुर शहर की एमजी रोड में कॉंग्रेस के तत्कालीन कद्दावर मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को काले झंडे दिखाकर मनमानी सत्ता के खिलाफ़ अपने अंदर के गुस्से को जाहिर करते हुए जन-मानस में अपने अंदर के नेता को प्रतिष्ठित करने वाले मोहन भैय्या ने 2000 में मध्यप्रदेश की दिग्विजय सिंह सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ के हीरा खदानों को विदेशी कंपनी डिबियर्स को देने का पुरजोर विरोध किया और नतीजन कंपनी के अफसरों को रायपुर एयरपोर्ट से ही वापस लौटना पड़ा। बृजमोहन अग्रवाल को कृषि विभाग का नेतृत्व मिलते ही वर्ष 2014, 2015 एवं 2016 में निरंतर तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस वर्ष ही बृजमोहन अग्रवाल को व्यक्तिगत तौर पर एग्रीकल्चर लीडरशीप अवार्ड से नवाजा गया। बृजमोहन अग्रवाल के अब तक के अन्य कार्यों में रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, 65,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला भारत में दूसरा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम का रायपुर में निर्माण हुआ। इसके साथ पर्यटन के क्षेत्र में राज्य के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का विकास एवं विभिन्न मोटलों का निर्माण, राज्य के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में होने वाले बड़े-बड़े मेलों को महोत्सव का स्वरूप दिलाने के साथ-साथ राज्य के त्रिवेणी संगम राजिम में विशाल कुम्भ मेले की शुरूआत करना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

युवा पीढ़ी में सार्थक व रचनात्मक राजनीति के प्रति रूझान पैदा करते हुए उनकी अध्ययनशीलता को प्रोत्साहन देने में मोहन भैया की रूचि जग जाहिर है। देर रात तक देश दुनिया और राज्य में जारी राजनैतिक और सामाजिक गतिविधियों का अध्ययन करना बृजमोहन अग्रवाल का दैनिक शगल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भागीदारी करते हुए राजनीतिक चेतना का विकास करना बृजमोहन अग्रवाल की बौद्धिक विशेषता है। ऐसी लगातार सक्रियता और प्रभावशाली कार्य प्रणाली ही बृजमोहन अग्रवाल यानी मोहन भैया को पूरे प्रदेश का सबसे लोकप्रिय जननेता बनाती है।

रायपुर की हर धड़कन के साथ हर पल खड़े रहे उसके अपने बृजमोहन भैया रायपुर के आत्मविश्वास और साहस भी हैं। रायपुर की हँसी, रुदन और नील नील अंबर में दूर दूर तक फैली खुशहाली भी हैं। रायपुर के सरकारी दफ्तरों की फाइल में लोककल्याण की महकती सोंधी सोंधी खुशबू हैं। चाह और फर्ज के बीच रायपुर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में फैला मोहन भैया का नूर सांसद बनने के बाद अब समूचे देश में भी जगमगाए। असीम शुभकामनाओं के साथ।

समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

मई दिवस

बिहार के पटना में गुरुवार को लेबर डे, जिसे मई दिवस भी कहा जाता है, की एक शाम पहले एक ईंट फैक्ट्री में मजदूर ईंटें ढोते हुए।



आज की पाती

विरोधाभासों से परिपूर्ण है ट्रंप की बयानबाजी

अमरीकी राजनीति में बयानबाजी हमेशा से तीखी रही है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दौर में यह प्रवृत्ति एक नए स्तर पर पहुंच गई है। ट्रंप की सोशल मीडिया गतिविधियां अक्सर अचानक, विरोधाभासी और वैश्विक असर डालने वाली होती हैं। एक दिन वे किसी देश की प्रशंसा करते हैं, तो अगले ही दिन उसी देश की आलोचना कर देते हैं। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड, ईरान और यहां तक कि यूरोपीय सहयोगियों के संदर्भ में भी देखा गया है। हाल के वर्षों में ट्रंप के बयानों और नीतियों में यह अस्थिरता और स्पष्ट दिखी है। उदाहरण के लिए, उन्होंने पहले भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की बात कही, वहीं दूसरी ओर कुछ पोस्ट्स और बयानों में भारत की नकारात्मक छवि को बढ़ावा देने वाले विचारों का समर्थन भी किया। इस तरह की बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

- सुभाष तिवारी, सरायपाली

ट्रेंड

स्नातक होने पर बधाई



पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ उत्तर भारत का प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है और अपने स्नातकों के लिए गर्व का स्रोत है। आप सभी को स्नातक होने पर हार्दिक बधाई।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

मुफ्त एलपीजी कनेक्शन



समाजवादी पार्टी के ज़माने में लोग केरोसिन की कालाबाजारी करते थे, और कांग्रेस के शासनकाल में तो एलपीजी सिलेंडर बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। आज देश में 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

महिला आरक्षण का समर्थन



लंबे संघर्षों के बावजूद राजनीति में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल के तहत संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया है, जो बेहद खेदजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है; बीएसपी महिला आरक्षण का समर्थन करती है।

- **मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

सरकार की साख गिरी



श्री गंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहानी पर आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा किया गया हमला राज्य में बढ़ती अराजकता का प्रतीक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए; जनता के बीच सरकार की साख तेजी से गिर रही है।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर की प्राचीन वस्तुएं लौटाई



अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटायी हैं और कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। इस पर अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह अवलोकितेश्वर प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के संग्रह में शामिल हो गई थी। इस प्रतिमा को संग्रहालय से चुरा लिया गया और 1982 तक अमेरिका तस्करी कर ले जाया गया। अंततः 2014 तक यह न्यूयॉर्क के एक निजी संग्रह में पहुंच गई। 2025 में मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय ने इस कांस्य कलाकृति को उस संग्रह से खोजकर जब्त कर लिया।

ऑफ बीट

आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भारती और कृष्णा ने वर्ल्ड लाफ्टर डे पर खोले दिल के राज़

मुबंई। रौनक, कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में जब दुनिया साल में एक बार हँसी का जश्न मनाने के लिए रुकती है, तब इंडियन टेलीविज़न का यह किचन किसी याद दिलाने की ज़रूरत नहीं समझता, क्योंकि कलर्स का 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' हर वीकेंड को ही लाफ्टर डे बना देता है। लेकिन इस बार शो ने वर्ल्ड लाफ्टर डे को मनाने के लिए सारे पते खोल दिए और जश्न को उतना ही वाइल्ड और मज़ेदार बना दिया जितना खुद शो है। एपिसोड की शुरुआत एक भावुक पल से होती है, जब शेफ हरपाल सिंह सोखी सभी सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स और स्क्रीन के ज़रिए घर बैठे लाखों दर्शकों को संबोधित करते हैं। इस खास मौके पर उन्होंने सभी को वर्ल्ड लाफ्टर डे की शुभकामनाएँ दीं और पूरे कास्ट को लाफ्टर थेरेपिस्ट्स ऑफ द वर्ल्ड का खिताब दिया एक ऐसा टाइटल जिस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती। जश्न ने एक शानदार और बेहद स्पॉन्टेनियस मोड़ लिया, जब किचन के बीचोंबीच एक लाइव माइक रख दिया गया। नियम था सीधा और नतीजा था पूरी तरह से हंगामा स्क्रीन पर जिसका नाम फ्लैश होता, उसे माइक पर आकर परफॉर्म करना होता, जबकि बाकी कास्ट अपने-अपने पकवान



बनाते रहते। जो नज़ारा सामने आया, वह था अनफ़िल्टर्ड एंटरटेनमेंट का मास्टरक्लास स्टैंड-अप एक्ट्स के बीच छनकते बर्तन, पंचलाइन के साथ सिज़लिंग पैन और पूरे किचन में गूँजती हँसी। वर्ल्ड लाफ्टर डे पर बात करते हुए भारती सिंह ने कहा, "मैं भारत की 'लाफ्टर क्वीन' के तौर पर जो प्यार पाती हूँ, उसके लिए दिल से आभारी हूँ। हँसी मेरी लाइफ़लाइन रही है, मेरा कवच रही है और मेरी असली पहचान रही है। ज़िंदगी हमेशा आसान नहीं रही, कई बार ऐसे दौर आए जिन्होंने मुझे बहुत परखा, लेकिन हर बार हँसी ही थी जिसने मुझे मज़बूत बनाए रखा। यही वो चीज़ है, जिसके पास मैं बार-बार लौटती रही। मुझे लगता है कि यही वजह है कि जब मैं लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट के सेट पर होती हूँ, तो हर पल मेरे लिए बेहद मायने रखता है। मैं खुद जानती हूँ कि एक सच्ची हँसी इंसान की आत्मा को कितना सुकून देती है। यह मायने नहीं रखता कि आप कौन-सी भाषा बोलते हैं, किस उम्र के हैं या कहाँ से आते हैं एक असली हँसी सबको समझ आती है। इस वर्ल्ड लाफ्टर डे पर मैं सबको याद दिलाना चाहती हूँ कि हँसी कोई लक्ज़री नहीं, बल्कि ज़रूरत है। इसे थामे रखिए, उदारता से बाँटिए और कभी इसे दुनिया से छिनने मत दीजिए।"

लाफ्टर डे पर बात करते हुए कृष्णा अभिषेक ने कहा, "जहाँ तक मुझे याद है, मैं हमेशा वही इंसान रहा हूँ जो कमरे में सबको हँसा देता है! और सच कहूँ तो मुझे यह रोल कभी बदलना नहीं है। लोगों को हँसाना मेरी पहचान है, मेरे अस्तित्व का हिस्सा है। मैं पूरे लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट टीम का दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ कैमरे के पीछे की क्रू से लेकर हर कास्ट मेंबर तक जो पूरी मेहनत से शो में जान डालते हैं और देशभर के दर्शकों के वीकेंड को मुस्कान के साथ खत्म करते हैं।

आलिया और दीपिका मेरी रोल मॉडल नहीं ...

मुंबई। धुरंधर और धुरंधर 2 में अपनी शानदार एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली सारा अर्जुन इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर उनका एक 9 साल पुराना वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नन्ही सारा से उनके रोल मॉडल के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने बड़ी ही मासूमियत और समझदारी से जवाब दिया। वायरल वीडियो में जब सारा से पूछा गया कि वह किसे अपना रोल मॉडल मानती हैं, तो उन्होंने बहुत प्यारा जवाब दिया। सारा ने कहा, "मुझे आलिया भट्ट का लुक और उनकी एक्टिंग बहुत पसंद है। मुझे आलिया और दीपिका पादुकोण दोनों ही बहुत अच्छी लगती हैं। लेकिन वे मेरी रोल मॉडल नहीं हैं, बल्कि मेरी



प्रेरणा हैं। सच कहूं तो मैं बस 'सारा अर्जुन' ही बनना चाहती हूं। मैं कभी किसी और के जैसा नहीं बनना चाहती। हाल ही में सारा ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था। इसमें उन्होंने 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की पूरी टीम, कास्ट और पर्दे के पीछे दिन-रात मेहनत करने वाले क्रू मेंबर्स का दिल से शुक्रिया अदा किया।

कपिल शर्मा के शो में आएंगे समय और रणवीर

मुंबई। कॉमेडियन कपिल शर्मा ने 29 अप्रैल को ऐलान किया था कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का एक खास एपिसोड दर्शकों के लिए ला रहे हैं। शो का प्रसारण तो नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा, लेकिन मेहमान कौन होंगे? यह जानने के लिए दर्शक बेताब थे। आखिरकार कॉमेडियन ने एक प्रोमो जारी करते हुए बता दिया है कि शो में चर्चित यूट्यूबरों समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया की एंट्री होगी। कपिल के इस खास एपिसोड का प्रसारण विश्व हास्य दिवस पर यानी 2 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा। प्रोमो में रैना बताते हैं कि वह शो में बतौर मेहमान शामिल होंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि दूसरा मेहमान कौन होगा। तभी रणवीर आते हैं, जिन्हें देखकर रैना झुंझलाने लगते हैं।



छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)

(ऊर्जा विभाग, छ.ग. शासन)
जोनल कार्यालय, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के पीछे, मेन रोड दन्तेवाड़ा, जिला- दंतेवाड़ा (छ.ग.)

पत्र क्र./238/ क्रेडा / 2026-27 — दंतेवाड़ा दिनांक 28/04/ 2026

सेवाकर्ता इकाईयों से रूचि की अभिव्यक्ति

क्रेडा जोनल कार्यालय दंतेवाड़ा अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा / बीजापुर / सुकमा हेतु क्रेडा द्वारा स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों यथा सोलर ड्यूल पंप, सोलर पेयजल पंप, सोलर हाई मास्ट एवं अन्य संयंत्रों के संधारण एवं रखरखाव तथा सौर सुजला योजना अंतर्गत स्थापित सोलर सिंचाई पंपों, सोलर होम लाईट संयंत्रों के मॉनिटरिंग कार्य हेतु परियोजना आवश्यकता की अवधि तक वार्षिक अनुबंध के आधार पर सेवाकर्ता इकाईयों से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) अंतर्गत आवदेन पत्र आमंत्रित किए जाते है । संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

क्रमांक	जिला का नाम	समस्त सौर ऊर्जा संयंत्रों यथा सोलर ड्यूल पंप, सोलर पेयजल पंप, सोलर हाई मास्ट एवं अन्य संयंत्रों के संधारण एवं रखरखाव तथा सौर सुजला योजना अंतर्गत स्थापित सोलर सिंचाई पंपों तथा सोलर होम लाईट संयंत्रों के मॉनिटरिंग कार्य हेतु सेवाकर्ता इकाई की संख्या	योग
1	दंतेवाड़ा	24	24
2	बीजापुर	47	47
3	सुकमा	31	31
	कुल योग:-		102

सेवाकर्ता इकाई हेतु निर्धारित योग्यता-

केवल इकाई / सेवाकर्ता इकाई ही आवेदन हेतु पात्र होगी । व्यक्तिगत आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे । सेवाकर्ता इकाई से आशय आवश्यक तकनीकी मानव संशाधन युक्त सक्षम इकाई से है, जिसमें न्यूनतम एक कुशल टेक्नीशियन एवं उसके एक सहायक (हेल्पर) उपलब्ध होना आवश्यक होगा ।

कुशल तकनीशियन के पास किसी भी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था / संस्थान से इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, प्लम्बर, फिटर, सोलर तकनीशियन अथवा समकक्ष ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र धारित होना आवश्यक होगा ।

अनुभव - सोलर पॉवर प्लांट एवं उसके पी. डी. एन. के संचालन, संधारण एवं रखरखाव कार्य का अनुभव अथवा सोलर ड्यूल पंप / सोलर पंपों तथा पाईप लाईन के संधारण एवं रखरखाव कार्य अनुभव रखने वाले आवेदक को वरीयता दी जावेगी। संबंधित विकासखण्ड अथवा संबंधित क्लस्टर क्षेत्र का स्थानीय निवासी होने पर अतिरिक्त अंक दिया जाएंगे।

अन्य शर्तें व जानकारियां:

1 आवेदक इकाई द्वारा नियोजित आवश्यक कर्मियों का स्थानीय क्षेत्र की जानकारी होना वांछनीय होगा । आवेदक इकाई के पास संचालन, संधारण एवं रखरखाव कार्य हेतु स्वंय का मोटर सायकल उपलब्ध होना तथा संबंधित चालक / कर्मिक के पास वैध ड्राइविंग लाईसेंस होना अनिवार्य होगा ।

1 रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) अंतर्गत आवेदन पत्र तथा नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी, आवेदन प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 100/- जमा कर दिनांक 30.04.2026 से 15.05.2026 तक कार्यालयीन समय में संबंधित जिला / जोनल कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।

1 निर्धारित प्रारूप में पूर्ण आवेदन पत्र संबधित जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.05.2026 साय 05:00 बजे तक होगी।

1 किसी भी आवेदन पत्र अथवा ई.ओ. आई. आमंत्रण को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से स्वीकार/ अस्वीकार करने तथा सेवाकर्ता इकाईयों की संख्या में परिवर्तन का अधिकार क्रेडा के पास सुरक्षित रहेगा ।

1 प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रमाण पत्र सत्यापन एवं दस्तावेजी परीक्षण दिनांक 22.05.2026 से प्रातः 11:00 बजे से क्रेडा जोनल कार्यालय दंतेवाड़ा में किया जावेगा।

विवरण निम्नानुसार है:-

सं. क्रं. 1	जिला	दिनांक
1	दंतेवाड़ा	22.05.2026
2	बीजापुर	25.05.2026
3	सुकमा	26.05.2026

1 चयनित इकाई अथवा उसके द्वारा नियोजित कोई भी तकनीशियन, हेल्पर, ऑपरेटर अथवा अन्य कार्मिक किसी भी स्थिति में क्रेडा का कर्मचारी नही माना जावेगा। निष्पादित अनुबंध केवल निर्धारित कार्यो के निष्पादन हेतु होगा उससे किसी प्रकार का सेवा संबंध निर्मित नही होगा। शेष नियम एवं शर्तें ई. ओ. आई. नियमावली में उल्लेखित रहेंगी।

यह सूचना किसी पद पर नियुक्ति हेतु नही है, अपितु सेवाकर्ता इकाई का चयन हेतु है।

कार्यपालन अभियंता
क्रेडा, जोनल कार्यालय दन्तेवाड़ा

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | National Museum New Delhi | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख UNION TERRITORY OF LADAKH

भगवान बुद्ध के मानवता और करुणा के सार्वभौमिक संदेश से जुड़ने का अद्वितीय अवसर

Sacred Exposition of the Holy Relics of the Tathagata
peace beyond borders | 1st to 14th May 2026
commemorating the 2569th Vesak Buddha Purnima

"भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है।"
~ नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

उद्घाटन
श्री अमित शाह
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
के कर कमलों द्वारा

तिथि: 1 मई 2026 | समय: प्रातः 9:00 बजे
स्थान: जिवेत्सल, लेह

गरिमामयी उपस्थिति
श्री विनय कुमार सक्सेना
माननीय उपराज्यपाल, लद्दाख, केंद्र शासित प्रदेश


मुख्य कार्यक्रम

कुशाक बकुला रिनपोछे स्मृति व्याख्यान माला — 2 मई 2026 | सीआईबीएस, चोगलमसर, लेह
सांस्कृतिक संध्या — 2 मई 2026 | लेह बाज़ार, लेह
जांस्कर में पवित्र शरीर धातु का दर्शन — 4 मई 2026 | जांस्कर
मौन शांति यात्रा — 4 मई 2026 | लेह बाज़ार, लेह
आधुनिक विज्ञान और बौद्ध दर्शन पर चर्चा — 13 मई 2026 | सीआईबीएस, चोगलमसर, लेह



दैनिक गतिविधियाँ और कार्यशालाएँ:
पवित्र छाम नृत्य | भोजन और हस्तशिल्प के स्टॉल | लाइट और लेज़र शो
निःशुल्क चिकित्सा शिविर | ध्यान और योग सत्र | प्रार्थना समारोह | पांडुलिपि संरक्षण
मिट्टी की मूर्तियाँ और लकड़ी की नक्काशियों की प्रदर्शनी | थांगका चित्रकला

प्रवेश निःशुल्क है।
अधिक जानकारी के लिये देखें: tathagata.co.in | स्कैन करें
CBC 09101/13/0003/2627



vibrant GUJARAT REGIONAL CONFERENCES
Regional Aspirations, Global Ambitions

दक्षिण गुजरात
01st | 02nd MAY 2026

गुजरात सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात

प्रमुख क्षेत्र
जेम्स एवं ज्वेलरी | टेक्सटाइल एवं एपेरल्स | कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण | केमिकल्स एवं पेट्रोकेमिकल्स | पर्यटन

सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ
- उद्घाटन समारोह
- क्षेत्र-विशिष्ट सेमिनार
- कंट्री सेमिनार
- क्षेत्रीय पुरस्कार (MSMEs/आर्टिज़न)
- क्षेत्रीय MSME सम्मेलन
- पैनल डिस्कशन्स
- राउन्ड टेबल सम्मेलन
- रिवर्स बायर-सेलर मीटिंग
- उद्यमी मेला
- ट्रेड शो/प्रदर्शनी
- B2B/B2G मीटिंग्स
- विशेष दौरे/औद्योगिक दौरे
- विक्रेता विकास कार्यक्रम
- समापन सत्र

माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात
श्री भूपेन्द्रभाई पटेल जी
द्वारा शुभारंभ

गरिमामय उपस्थिति
श्री हर्ष संघवी
माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

1 मई, 2026, शुक्रवार
सुबह 09:30 बजे
ऑरो युनिवर्सिटी, सूरत, गुजरात

गुजरात स्थापना दिवस
1 मई, 2026

"वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस से गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष की नई दिशा खुलेगी।"
- श्री हर्ष संघवी, माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल एक्ज़ीबिशन
1से 5 मई, 2026 | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक

वेबसाइट के लिए स्कैन करें
कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए स्कैन करें

सीधा प्रसारण: CMOGuj | CMOGuj | CMOGujarat | CMOGujarat
vibrantgujarat | vibrantgujarat | vibrant_gujarat | vibrantgujarat

भागीदार देश: Japan | Rwanda | Singapore | Ukraine
भागीदार संस्थाएँ: JETRO | US-INDIA | AMCHAM | kotra Korea Trade-Investment Promotion Agency



हास्य कहानी

हरीश कुमार 'अमित'



पापा अपने और मोनू के लिए पकौड़े लेकर आए। मोनू ने पापा को चकमा देकर सारे पकौड़े अकेले ही खा डाले। पापा जानते थे, मोनू इस तरह की शरारत कर सकता है, इसलिए उन्होंने उल्टे मोनू को चकमा दे दिया। जब मोनू अकेले सारे पकौड़े हड़प कर गया तो फिर पापा के पास पकौड़े कहां से आए?

पकौड़ों का मजा



एआई इमेज

मोनू की मम्मी ऑफिस की ट्रेनिंग में भाग लेने एक सप्ताह के लिए कोलकाता गई हुई थीं। मोनू आज स्कूल नहीं गया था, कल शाम खेलते वक्त उसका पैर इस तरह मुड़ गया कि पैर में मोच आ गई थी। वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। उसके पापा किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। दोपहर के एक बजने वाले थे। मोनू को तेज भूख लग आई थी। उसने पापा को फोन किया, बोला, 'पापा जल्दी घर आ जाइए, मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।'

मम्मी के घर में न होने पर पापा ही इन दिनों खाना बनाते थे। थोड़ी बहुत मदद मोनू भी कर देता था। लेकिन आज पैर में तकलीफ होने के कारण वह पापा की मदद करने की स्थिति में नहीं था। पापा ने बाहर जाते समय जल्दी वापस आने की बात कही थी।

मोनू को भूख बर्दाश्त नहीं हो रही थी। थोड़ी देर बाद पापा घर आए तो उन्होंने अपने थैले से एक लिफाफा निकालकर मेज पर रखा, मोनू से बोले, 'बेटा, खाना बनाने में अभी समय लगेगा। मैं गर्मागर्म पकौड़े ले आया हूं। ताकि तुम्हें ज्यादा देर तक भूखा न रहना पड़े। पहले इसे खा लेते हैं फिर बनाते हैं खाना।'

पापा लिफाफा मेज पर रखकर कपड़े बदलने और मुंह-हाथ धोने चले गए। इस बीच मोनू ने फटाफट अपने हाथ धोए फिर तीन-चार पकौड़े लिफाफे से निकालकर पेट के हवाले कर दिए।

कुछ देर में पापा वापस आए और मोनू से बोले, 'चलो, हाथ धो लो फिर खाते हैं पकौड़े।'

मोनू ने बताया, 'पापा, हाथ तो मैंने धो लिए हैं। आप पहले रसोई से बड़ी प्लेट तो ले आएं। पकौड़े उसमें रखकर खाएंगे। वैसे प्लेट मैं ही ले आता, लेकिन मेरे पैर में दर्द हो रहा है।'

पापा प्लेट लेने गए तो मोनू ने फिर से पकौड़ों के लिफाफे पर धावा बोला और दो-तीन पकौड़े गपागप खा गया।

पापा बड़ी प्लेट लेकर आए तो उन्हें देखते ही मोनू ने फरमाइश की, 'पापा, दो छोटी प्लेटें भी ले आते तो अच्छा था। हम बड़ी प्लेट से अपनी-अपनी छोटी प्लेट में रखकर पकौड़े खाएंगे।'

मोनू की बात पापा को सही लगी। वे छोटी प्लेटें लेने गए तो मोनू से रहा न गया। उसने जल्दी-जल्दी दो-तीन पकौड़े और हड़प लिए। पापा दो छोटी प्लेटें लेकर आए ही थे कि मोनू बोला, 'पापा, पकौड़ों के साथ जो सबसे जरूरी चीज होनी चाहिए, वह तो यहां है ही नहीं!'

'क्या चीज बेटा।' पापा ने पूछा।

'पापा, भला टोमेटो सॉस के बगैर पकौड़े खाने का मजा कैसे आएगा!' मोनू ने जवाब दिया।

पापा टोमेटो सॉस लेने रसोई की तरफ गए तो मोनू फिर से अपने को रोक न सका। उसने लिफाफे से दो-तीन पकौड़े और उड़ा लिए।

पापा टोमेटो सॉस लेकर आ ही रहे थे मोनू फिर बोला, 'पापा, बस एक चीज और रह गई है। वह भी ले आएं तो फिर आराम से बैठकर पकौड़े खाएंगे।'

'अब क्या रह गया?' पापा की आवाज में हल्की-सी झुंझलाहट थी, क्योंकि उन्हें भी जोरों से भूख लग रही थी। मोनू बोला, 'पापा, बस दो गिलास पानी भी ले आएं। अगर पकौड़ों में मिर्च हुई तो पानी पीना पड़ेगा न! पानी आने के बाद खाते हैं ठाठ से पकौड़े!'

पापा जब तक पानी लेकर आए, तब तक कुछ और पकौड़े मोनू के पेट में समा चुके थे। पानी के गिलास मेज पर रखकर पापा ने मोनू और अपने सामने एक-एक छोटी प्लेट रखी और फिर बड़ी प्लेट में पकौड़े डालने के लिए लिफाफे की तरफ हाथ बढ़ाया। लिफाफे में हाथ डालते ही वे मुस्कुराए। मोनू हैरान था कि पापा मुस्कुरा क्यों रहे हैं? उसे तो उम्मीद थी कि पकौड़ों वाला लिफाफा खाली देखकर वे उस पर बहुत बिगड़ेंगे। तभी पापा बोले, 'मुझे पहले से ही पता था कि तुम पैर में लगी मोच का फायदा उठाकर इस तरह की कोई करस्तानी कर सकते हो। इसलिए मैं पहले से ही प्रबंध करके आया था। मेरे थैले में पकौड़ों का एक लिफाफा और भी है।' कहकर पापा जोरों से हंसने लगे।

मोनू ने अचरच से पूछा, 'लेकिन पापा, आपको कैसे पता था कि मैं ऐसी कोई शरारत करूंगा?'

मोनू का सवाल सुनकर पापा बोले, 'पापा हूं तुम्हारा! तुम्हारी रग-रग पहचानता हूं! और फिर बचपन में ऐसी शरारतें मैं भी तो किया करता था!'

सुनकर मोनू भी हंसने लगा। *

हास्य कथा

समीर गांगुली



लाल सिंह की बस खटारा जरूर थी, फिर भी सवारियां उसमें बैठतीं जरूर और हंसते-हंसाते अपना सफर तय करतीं। क्योंकि इसमें कोई ना कोई गुदगुदाने वाली घटना देखने को जरूर मिलती। लाल सिंह की बस में ऐसी ही एक दिन की मजेदार यात्रा।

लाल सिंह की बस



एआई इमेज

लाल सिंह की एक बस है। उसका रंग नीला है। लाल सिंह हमेशा सफेद कपड़े और काली पगड़ी पहनते हैं। उनकी बस शिव मंदिर से लेकर घंटाघर के बीच चलती है। बीच में दस स्टॉप आते हैं। कभी-कभी बस यहां-वहां भी रुक जाती है। बस दस साल पुरानी है। बहुत शोर करते हुए चलती है बस। लोग इसे खटारा भी कहते हैं।

एक दिन लाल सिंह की बस में एक मदारी अपने दो बंदर और एक तोते के साथ आया। लाल सिंह ने बंदरों को देखा तो हंस पड़ा। बंदर भी दांत दिखाकर हंस दिए। हरे तोते ने जोर से टांय-टांय किया। तीनों शायद सभी बस की सवारियों को बता रहे थे कि वे पहली बार बस में बैठे हैं। बस चलाने से पहले लाल सिंह ने दोनों बंदरों को एक-एक केला दिया। तोते को कुछ नहीं दिया तो उसने इतना शोर मचाया कि एक लड़के ने अपनी जेब से एक पका पीला अमरूद निकाल कर उसे दे दिया। तोता अमरूद को कुतरने लगा। जब बस तीसरे स्टॉप पर जाकर रुकी तो कंडक्टर ने आवाज लगाई-'नानकसर.. नानकसर।' यह सुनकर ऊंघता मदारी हड़बड़ाकर उठा और अपने बंदरों और तोते के साथ उतर गया। बस फिर से चल दी। थोड़ी देर बाद अगला स्टॉप आया। कंडक्टर ने आवाज लगाई, 'विद्या मंदिर के बच्चो, चलो उतरो, स्कूल आ गया।' पीली यूनिफॉर्म पहने चार बच्चे अपने बैग के साथ उतर गए। लेकिन इसके बाद बस आगे नहीं चली। लाल सिंह ने काफी कोशिश की, मगर बस नहीं चली। लाल सिंह ने पीछे मुड़कर देखा। सवारियां इशारा समझ गईं। छह जवान नीचे उतरे और बस को धक्का देने लगे। बस दो बार घू-घू करके बंद हो गई, मगर तीसरी बार में चल दी। बस के चलते ही कुछ नटखट बच्चों ने ताली बजा-बजा कर गाना शुरू कर दिया- 'चल पड़ी खटारा, चल पड़ी खटारा। लाल सिंह की खटारा। लाल सिंह की नीली खटारा।' फिर आ गया घंटाघर। आखिरी स्टॉप। सारी सवारियां उतर गईं। जब बस खाली हो गई तो लाल सिंह हमेशा की तरह अपनी बस से बातें करने लगा। उसने बस को गलतियों के लिए खूब डांट लगाई और जब गुस्सा शांत हुआ तो सॉरी भी कहा। यह देख बस में छिपा भूरा चूहा हो-हो करके हंस दिया। *

कविता / डॉ. सुरेंद्र विक्रम

जान बचाकर भागा बंदर



एआई इमेज

ये हैं गैंडामल हलवाई
जिनकी सब मिल करें बड़ाई।
दस कुर्सी संग चार मेज से
एक बड़ी दुकान सजाई।
खोया, छेना, घी चीनी से
भांति-भांति की बनी मिठाई।
खुली सड़क है साफ जगह है
जिसे देख सब खुश हैं भाई।
तैर रही है घी के अंदर
छुन-छुन करती पड़ी जलेबी।
इसको खाना संभल-संभल कर
खूब चाशनी में जो डूबी।
भरे थाल में खूब सजाकर
इसके बगल रखा है पेड़ा।
बड़े शान से अकड़ रहा है
खबरदार! जो इसको छेड़ा।
बर्फी, कलाकंद दो बहनें
गजब स्वाद इनके क्या कहने
मुंह में आते ही घुल जातीं
वाह-वाह की याद दिलातीं।
छेना डूब गया है रस में
रसगुल्ला भी इसके बस में।
एक ओर लड्डू जी बैठे
रबड़ी और मलाई ऐंठे।
सब के सब शीशे के अंदर
देख रहा था दूर से बंदर।
गैंडामल को आई झपकी
तभी लार बंदर की टपकी।
था शरीर से हट्टा-कट्टा
उसने मारा एक झपट्टा।
लगा झपट्टा, टूटा शीशा
दूर जा गिरा बना पतीशा।
गैंडामल को गुस्सा आया
खींच जोर से लट्ठ जमाया।
जान बचाकर भागा बंदर
पहुंच गया कुनबे के अंदर।।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

नन्हे ठहाके

गूंज रहे आंगन में
नन्हे ठहाके।
हमने तो खूब नए
खेल हैं रचे।
खेलों की टोकरी में
खेल न बचे।
फूल ज्यों इकट्ठे हैं
सारे जहां के।
टोली हमारी यूं
खिलखिल करे।
फूट गए मटके ज्यों
रस से भरे।
झूमें हम चिड़ियों से
मस्त चहचहा के।
खेलों की सरगम में
राग है नया।
छूम छनन अपना मन
डूब-सा गया।
खुशबू के गीत हवा
लाई बहा के।



हंसगुल्ले



पप्पू (गप्पू से) : तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है।
गप्पू : अरे! तब तो तुम्हें मेरे मामा जी के पास जाना चाहिए।
पप्पू : क्यों?
गप्पू : क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
-तान्या, बिलासपुर

रिंकी : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
पिंकी : गुलाबजामुन।
रिंकी : कैसे?
पिंकी : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

मैथ्स टीचर: अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती है?
सोनू : क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-तेजस, रोहतक

टीचर : सबसे ज्यादा ठंड कहां होती है?
रोहित : सर, फ्रीजर में।
-तनीषा, महासमुंद

जीके क्विज-203



1. भारत के 95वें चेस ग्रैंडमास्टर कौन बन गए हैं?
2. राज्यसभा में तीसरी बार उपसभापति नियुक्त होने वाले पहले राज्यसभा सांसद कौन बने हैं?
3. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
4. कौन-सा संगठन विश्व धरोहर स्थलों की सूची तैयार करता है?
5. कार्लोस अल्कराज किस खेल के विश्वप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
6. सन 1857 की क्रांति में झांसी के क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. भूलभुलैया भारत के किस शहर में स्थित है?
8. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितनी झुकी हुई है?
9. भारत के किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है?
10. नेपाल में हिमालय पर्वत को किस नाम से जाना जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-203 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-202 का उत्तर : 1 इंग्लैंड, 2. संजू सैमसन, 3. अशिम कुमार घोष, 4. असम, 5. ओजोन परत, 6. शेरशाह सूरी, 7. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 8. प्रोटीन, 9. उपराष्ट्रपति, 10. आयरन

जीके क्विज-202 का सही उत्तर देने वाले : जियाना शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, गौरव-ईमेल से, हंसिका-रायपुर, तेजस-महासमुंद, दिव्या-बिलासपुर, सचिन-रोहतक, काव्या-बालोद, सोनम-दुर्ग

बच्चो, हमारी डेली लाइफ में हंसने के बहुत फायदे हैं। हंसने के इसी महत्व को बताने के उद्देश्य से ही मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। तो इस लाफ्टर डे पर प्रॉमिस करो कि तुम खूब हंसोगे और अपने फ्रेंड्स, मम्मी-पापा, दादा-दादी या नाना-नानी को भी खूब हंसाओगे।



खूब हंसो-खिलखिलाओ दूसरों को भी हंसाओ

एंज्वॉयमेंट

सरस्वती रमेश

बच्चो, एक बात बताओ। जब तुम कोई कॉमेडी फिल्म देखते हो तो क्या करते हो? या फिर जब तुम्हारा कोई फ्रेंड मजेदार सा चुटकुला सुनाता है तो तुम क्या करते हो? खूब खिलखिलाकर हंसते हो न! हंसते हुए बहुत अच्छा फील होता है। हंसने का मजा तब तो और भी बढ़ जाता है, जब कई लोग साथ में मिलकर हंसते हैं। हंसने के बहुत सारे फायदे होते हैं। इसीलिए जब भी मौका मिले खुद हंसो, खिलखिलाओ और दूसरों को भी खूब हंसाओ।

हंसना है बहुत जरूरी: जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार और व्यायाम की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह मन को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए हंसना फायदेमंद है। हंसी हमारे मन-मस्तिष्क को तनावमुक्त रखती है। हंसना, हमारे लिए बेहद फायदेमंद तो है ही, यह हमें दूसरों से बॉन्डिंग स्ट्रॉन्ग करने और सबका फेवरेट बनाने में भी काफी मददगार है। इसलिए तुम्हें खुद तो हंसते-मुस्कुराते रहना ही चाहिए, साथ ही तुम्हें कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे तुम्हारे घर-परिवार, आस-पड़ोस में भी लोग हंसते-मुस्कुराते रहें।



मम्मी-पापा को हंसाओ: बच्चो, मम्मी-पापा के ऊपर घर की ढेरों जिम्मेदारियां होती हैं। सबका ध्यान रखते, सबकी जरूरतें पूरी करते हुए कई बार वे झुंझला जाते या तनाव में आ जाते हैं। काम के दबाव की वजह से उनका मूड अपसेट हो सकता है। ऐसे में कभी कोई अगर तुमसे रूडली बात करे या तुम्हें डांट दे तो इसका मतलब यह नहीं कि वे तुमसे प्यार नहीं करते! अगर कभी मम्मी या पापा का मूड ऑफ दिखे तो तुम्हें आगे बढ़कर उनसे प्यारी-प्यारी, हंसने-हंसाने वाली बातें करनी चाहिए। उन्हें अपने क्लास की या दोस्तों के साथ की कोई मजेदार बात बता सकते हो। इससे वे हंस पड़ेंगे और उनका मूड अच्छा हो जाएगा।

हंसो-हंसाओ दादा-दादी के साथ: बच्चो, पापा-मम्मी तो दिन भर अपने ऑफिस और घर के कामों में व्यस्त रहते हैं और तुम अपनी पढ़ाई में। ऐसे में दादा-दादी या नाना-नानी बोर होते रहते हैं। इसलिए दिन में जब भी तुम फ्री हो उनके पास पहुंच जाओ। उनको कोई जोक, कॉमिक स्टोरी सुनाओ या उनसे भी सुनाने को कहो। अपने स्कूल की



मजेदार बातें भी उनसे शेयर कर सकते हो। इससे तुम्हारे संग वे भी खूब हंसेंगे-खिलखिलाएंगे।

दोस्तों के संग करो कॉमिक मस्ती: अपने आस-पड़ोस के दोस्तों या स्कूल के फ्रेंड्स के संग तो तुम अकसर कॉमिक मस्ती करते ही होगे। फ्रेंड्स के संग हंसते-हंसते लोटपोट होने में तो बहुत मजा आता है। लेकिन इस बात का भी तुमको ध्यान रखना चाहिए कि तुम्हारे फ्रेंड सर्किल में अगर कभी कोई फ्रेंड उदास दिखे या किसी बात पर तुमसे नाराज हो जाए तो तुम उससे दूर न रहो। उससे बात करो, सॉरी बोल दो। उसे अपने संग खेलने के लिए कहो। कोई मजेदार सा जोक सुना दो। फिर देखना, उसकी उदासी-नाराजगी दूर हो जाएगी। वह भी तुम्हारे संग खिलखिला कर हंस पड़ेगा। *

हंसने के ये भी हैं फायदे

बच्चो, जब हम खुश होकर हंसते-मुस्कुराते हैं तो हमारी बॉडी में एंडॉर्फिन, डोपामिन, सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें हैप्पी हार्मोन या फील गुड हार्मोन भी कहा जाता है। इसके अलावा खुलकर हंसने से हमारे शरीर में कोर्टिसोल नामक स्ट्रेस हार्मोन का लेवल काफी कम हो जाता है। इसीलिए जब हम दिल खोलकर हंसते हैं तो हमारा स्ट्रेस कम होता है और हमारा मूड एकदम लाइट, पॉजिटिव एंड हैप्पी हो जाता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

मजेदार कहानियां

बच्चो, बाल कथाओं की इस किताब 'मैं जीवन लाल हूं' में कुल 6 कहानियां संकलित हैं। इसके लेखक पवन कुमार वर्मा हैं। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र जीवन लाल हैं। पहली कहानी में नटखट जीवन लाल के बचपन की गुदगुदाती कहानी है, जबकि बाकी की पांच कहानियों में बड़ी उम्र के होकर भी भोली-भाली हरकत करने वाले जीवन लाल के मजेदार किस्से हैं।


पहली कहानी 'मैं जीवन लाल हूं' में तुमको यह पढ़कर बहुत मजा आएगा कि परीक्षा में फेल होने पर अपने पिताजी की डांट-मार से बचने के लिए जीवन लाल कहां छुप जाते हैं? और तब तो तुम अपनी हंसी रोक ही नहीं पाओगे, जब सारे गांव वाले चोर समझकर उनकी धुलाई कर देते हैं। 'जीवन लाल और गुलाब जामुन' कहानी में तुम पढ़ोगे कि एक भोज में निमंत्रण मिलने पर जीवन लाल अपनी पत्नी के लिए गुलाब जामुन ले जाने की कैसी योजना बनाते हैं? 'जीवन लाल और लाल मन की आलू टिक्की' कहानी पढ़कर तब तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे, जब अपने भांजों के साथ जीवन लाल आलू टिक्की की दुकान पर पहुंचते हैं और उसे परेशान कर देते हैं। 'जीवन लाल के जूते' भी बहुत मजेदार कहानी है। इसमें तुम पढ़ोगे कि जब जीवन लाल अपने दोस्त को देखने अस्पताल पहुंचते हैं तो उनके जूते कैसे गायब हो जाते हैं? और फिर जब जूते मिलते हैं तो उन्हें कितना शर्मिंदा होना पड़ता है? 'अतिथि देवो भवः' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि जीवन लाल समझदारी से कैसे शहर घूमने आए मेहमानों की मदद करते हैं? इसी तरह 'संदेह दूर हो गया' कहानी में तुम पढ़ोगे कि जीवन लाल का यह संदेह कैसे दूर होता है कि उनकी कोई चिंता नहीं करता है? ये कहानियां तुमको जरूर अच्छी लगेंगी। *



किताबः मैं जीवन लाल हूं (बाल कथा संकलन),
लेखकः पवन कुमार वर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए,
प्रकाशकः लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

अंतर बताओ


बच्चो, यहां हंसते हुए जोकर और मंकी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में कुछ अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.जोकर के हैट का बिंदती बिल्ली की पूंछ, उसकी गले पगबार का कलर अलग है। 2. जोकर की आईब्रोज और हेयर का कलर अलग है। 3.जोकर की बो-टाई अलग कलर की है। 4.मंकी की बो-टाई का कलर अलग है। 5.जोकर की शर्ट में पफ बटन बना है। 6.हैट में दिख रहे बॉल्स के कलर अलग है। 7.गोल रोज बार्डर में बैलून्स में रखे गए हैं। 8.गोल राइट साइड वाले बैलून का कलर अलग है।

चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे हंसते-खिलखिलाते बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र की दाईं तरफ कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।



उत्तर: 1-B, 2-D, 3-A, 4-C

जैकेट के शेष

दस्तावेजों की दीवार...चार ..

करीब 83 हजार श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किए, लेकिन इनमें से लगभग 24 हजार के आवेदन वापस कर दिए गए। खास बात ये है कि इन सभी के आवेदन स्वीकार नहीं किए गए क्योंकि ये लोग पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं दे पाए। यही दस्तावेज की दीवार प्रवासी मजदूरों को मजबूर बना रही है, ये सारे लोग पंजीयन के लिए तरस गए हैं। छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से मजदूरी के लिए आने वाले श्रमिकों को प्रवासी श्रमिक के रूप में पंजीकृत किया जाता है, यही नहीं राज्य के एक जिले से दूसरे जिले में जाकर काम करने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट माइग्रेट लेबर माने जाते हैं। राज्य में पिछले चार महीनों में प्रवासी श्रमिक निर्माण पंजीयन रिपोर्ट के मुताबिक 82 हजार 865 के आवेदन आए। इनमें से 58 हजार 601 के आवेदन स्वीकृत कर उनका पंजीयन किया गया। लेकिन जिन मजदूरों के पास पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, उनके आवेदन वापस कर दिए गए, इनकी संख्या 24 हजार 264 है।

महिला आरक्षण पर ...

उनका 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाएगा। विपक्ष ने परिसीमन और जनगणना को लेकर इस संशोधन बिल का विरोध किया, जो समझ से परे है। परिसीमन होता तो निश्चित रूप से क्षेत्र बढ़ाते ज्यादा लोगों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता।

मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के सम्मान में काम : मुख्यमंत्री ने कहा, जनजातीय समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च पद पर आसीन कराया। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जितना हमने नारी का सम्मान किया उतना आप नहीं कर पाए। हमारे यहां शौचालय का निर्माण कर महिलाओं को खुले में शौच जाने की प्रथा को बंद किया। देश में लकड़ी जलाने से माताओं बहनों की आंखें खराब होती थीं, प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिलाया। करोड़ों महिलाओं का जनधन का खाता खोला गया। महिलाओं को इससे अच्छा लाभ मिला। सुकन्या योजना के तहत माताओं बहनों को सहायता दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में यह सब काम किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं को सम्मान के साथ सशक्त करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में महतारी वंदन योजना के तहत 59 लाख महिलाओं प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता दी जा रही है। अब जब छत्तीसगढ़ का बस्तर इलाका बस्तर जिला का जो चार दशक से भी ज्यादा समय से नक्सलवाद से ग्रस्त था, मुक्त हो गया है।

देश और प्रदेश की ....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितना महिलाओं के लिए काम किया, कांग्रेस ने पांच दशकों में उतना काम नहीं किया।

महंत ने कहा- भाजपा की ...

निंदा करने की बात करें, तो चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, विधानसभा का विशेष सत्र गैरजरूरी है। उन्होंने कहा, यह सभी राज्यों में विवाद की जड़ है। पता था समर्थन नहीं मिलेगा, तो विधेयक लाने की जरूरत क्या थी। अगर विधेयक पास नहीं हुआ, तो किसकी गलती है। क्या यह संसद का निर्णय था या कांग्रेस का निर्णय था? अगर संसद का निर्णय था, तो क्या संसद की निंदा कर रहे हैं। अगर 2023 के विधेयक को लागू कर देते, तो आरक्षण मिल जाता।

बीजेपी महिलाओं को गैलेरी में बैठाकर संतुष्ट करना चाह रही: डॉ. महंत ने कहा, सत्तापक्ष पूरे देश में बताने की कोशिश कर रहा है कि कांग्रेस की वजह से बिल पास नहीं हुआ। कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। विधेयक को आपने इवेंट बनाने की कोशिश की है। नारी शक्ति के नाम पर सिर्फ इवेंट किया जा रहा है। नारी शक्ति को अधिकार कांग्रेस ने दिया था। 1917 को कांग्रेस ने एनी बेसेंट को नेतृत्व सौंपा था। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को अवसर दिया। बीजेपी महिलाओं को गैलेरी में बैठाकर संतुष्ट करना चाहती है।

बीजेपी महिलाओं को बराबरी का स्थान नहीं देती: डॉ. महंत ने कहा, बीजेपी की पुरुषवादी, मनुवादी नीति महिलाओं को बराबरी का स्थान नहीं देना चाहती। 850 में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलता तो 280 सीटें मिलती। पुरुषों को 570 सीटें मिलती, पुरुषवादी मानसिकता पर प्रहार होता, इसीलिए महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया गया। आज भी पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया। आज भी तत्काल महिलाओं को आरक्षण दे सकते हैं, तो हमें खुशी होगी।

भारतमाला और शराब ....

से जुड़ी आधा दर्जन कंपनियों के लेन-देन और प्रोजेक्ट्स की जानकारी खंगाली जा रही है। इनमें अमर इंफ्रास्ट्रक्चर (अमर बिल्डकॉन), अमर महाबीर कोल माइंस, अमर प्राइवेट लिमिटेड और टार कारपेट प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों का काम सड़क और पुल निर्माण, शॉपिंग मॉल प्रोजेक्ट्स और कोयला खनन से जुड़ा बताया जाता है। वहीं गोविन्द मंडल के एफ ब्लॉक विट्ठल पुरम भिलाई 3 के घर और फैक्ट्री में भी ईडी की टीम ने जांच की है। दोनों स्थानों पर दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन की पड़ताल जारी है। चतुर्भुज राठी भाजपा के सक्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान उनके चुनाव लड़ने की चर्चाएं रही थीं। इससे पहले लोकसभा चुनाव 2024 के समय आयकर विभाग ने भी उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी।

बीजापुर, नारायणपुर से ....

इसी तरह से बारहवीं कक्षा में कोरिया के परिणाम 95.64% तथा बीजापुर के नतीजे 95.63% रहे हैं। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर तीनों ही शहर दसवीं कक्षा में 80% का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। 12वीं कक्षा में जहां 8 जिलों के परिणाम 90% से अधिक रहे हैं, वहां भी छग के तीनों बड़े शहर इस आंकड़ें तक नहीं पहुंच पाए।

कक्षा 10वीं: राज्य में जिले ...

15	जीपीएम	83.73
16	सरगुजा	83.09
17	सूरजपुर	82.75
18	रायगढ	80.06
19	महासमुंद	79.35
20	कोंडागांव	79.32
21	केसीजी	78.54
22	कोरबा	77.58
23	धमतरी	76.18
24	बलोदाबजार	75.53
25	बेमेतरा	71.82
26	कबीरधाम	71.73
27	रायपुर	71.05
28	सक्ती	68.78
29	बालोद	65.94
30	बिलासपुर	65.30
31	दुर्ग	63.12
32	जांजगीर-चांपा	59.90
33	एमसीबी	59.12

कक्षा 12वीं: राज्य में जिले ....

15	रायपुर	84.79
16	बलरामपुर	84.29
17	धमतरी	84.18
18	कोरबा	83.48
19	रायगढ़	83.45
20	बेमेतरा	82.39
21	केसीजी	81.61
22	महासमुंद	80.89
23	सुकमा	80.63
24	सरगुजा	80.56
25	कवर्धा	80.47
26	कोण्डागांव	79.38
27	बिलासपुर	79.19
28	बलोदाबजार	79.12
29	दुर्ग	77.91
30	बालोद	77.79
31	सक्ती	72.07
32	जांजगीर-चांपा	65.73
33	एमसीबी	62.40 .

पेज एक के शेष

इनके अमूल्य श्रम का ...

गोंड, बैगा और धोबा समुदाय के लोग निवासरत हैं। इन सभी बस्तियों में आज तक पेयजल की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है। स्थिति यह है कि ग्रामीण आज भी पारंपरिक जलस्रोतों—कुएं और झिरिया—पर निर्भर हैं, जो गर्मी के दिनों में सूखने लगते हैं। पानी की कमी का सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। उन्हें रोजाना 2 से 5 किलोमीटर तक खड़ी, पथरीली और उबड़-खाबड़ पहाड़ियों से होकर पानी लाना पड़ता है। यह सफर न केवल श्रमसाध्य है, बल्कि कई बार जोखिम भरा भी साबित होता है। बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ जाते हैं, जब रास्ते फिसलन भरे हो जाते हैं और जलस्रोत तक पहुंचना कठिन हो जाता है।

बास्तानार ब्लाक में चुआं का...

ऐसा ही एक गांव है बड़े बोदल जहां एक ही बस्ती में लगभग 90 घर हैं। जिसमें एक ओर 40 और दूसरी ओर 50 घर शामिल हैं। इन दोनों हिस्सों के लोग एक ही चुआं से पानी भरने पहुंचते हैं, जिससे वहां भीड़ और पानी की कमी की स्थिति बनी रहती है। गांव में विद्यालय के पास एक नलकूप जरूर है जिससे कुछ लोगों को आंशिक राहत मिलती है। लेकिन वह भी पूरे गांव की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम नहीं है। गांव में पानी की टंकी निर्माण तो कर दिया गया है और घर-घर नल कनेक्शन भी लगाए गए हैं, लेकिन आज तक उन नलों में पानी नहीं पहुंच पाया है। क्योंकि न तो समुचित बोरिंग की गई है और न ही जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

छग के उदंती में भारी ओलावृष्टि...

परेशान रहा। छत्तीसगढ़ के अलावा देश के कई इलाकों में बदली-बारिश के हालात बने हुए हैं। कई इलाकों में लू भी चल रही है। दो दिनों में आंधी-बारिश और लू से 18 की मौतों की सूचना है। तेज आंधी तूफान से नेशनल हाईवे से लेकर कई गांव में बड़े बड़े वृक्ष गिर गए हैं। इसकी वजह से मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग दो घंटे अवरुद्ध रहा। और तो और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई खपरैल वाले मकानों के छप्पर को भारी नुकसान पहुंचा है।ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहली बार इतनी भारी ओलावृष्टि देखने को मिली। चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रहा था और मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया था।

तेंदूपत्ता, महुआ, चार, धान और मक्का की फसलों को जमकर नुकसान : मैनपुर वनांचल क्षेत्र मे तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ हो गया है। ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता, चार, महुआ के फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर मक्का के साथ दलहन तिलहन फसल को भी क्षति पहुंची है। ओलावृष्टि के कारण घर के बाडियों को भी नुकसान की आशंका है। इसके अलावा सब्जियों के फसल भी नष्ट हो गई है।

केरल में भारी बारिश : केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, हालांकि मौसम विभाग ने गुरुवार शाम राज्य के छह जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। विभाग ने 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

पश्चिम बंगाल में बारिश का अनुमान : पश्चिम बंगाल में तीन मई तक उप-हिमालयी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने तथा राज्य के अन्य हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, हवा के अनुकूल रुख और बंगाल की खाड़ी से नमी के प्रवाह के कारण पश्चिम बंगाल के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। तीन मई तक उप-हिमालयी जिलों, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में भारी से बहुत भारी बारिश और कलिम्पोंग में भारी बारिश हो सकती है।

10वीं का परिणाम ...

प्रतिशत रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष यह 71 प्रतिशत था। इस तरह बारहवीं कक्षा के परिणाम भी 22% बेहतर रहे हैं। इस वर्ष 34 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें नवमी से बारहवीं कक्षा तक 2619 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। नवमी से बारहवीं कक्षा के परिणाम मिलाकर औसत नतीजे 85.22 प्रतिशत रहे। 10वीं कक्षा की परीक्षा में 682 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 545 अर्थात 79.91 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। बारहवीं कक्षा की परीक्षा 435 परीक्षार्थियों ने दिलाई थी। इनमें से 407 उत्तीर्ण, 15 अनुत्तीर्ण एवं 13 पूरक रहे। इस तरह कक्षा का परिणाम 93.56 प्रतिशत दर्ज किया गया।

टॉपर्स की घोषणा ...

का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था। नतीजे विधानसभा भवन में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जारी किए। तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव डॉ.विजय खंडेलवाल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। परीक्षार्थी अपना विस्तृत परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट **cgstatesvm.in** पर अनुक्रमांक दर्ज कर देख सकते हैं। संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा नवमी से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों की मेरिट लिस्ट भी जारी की गई है।

कर्नाटक में 'फिलहाल' मुख्यमंत्री पद पर बदलाव नहीं: खड़गे

कलबुर्गी (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्नाटक में 'फिलहाल' मुख्यमंत्री पद पर कोई बदलाव नहीं हो रहा है और राज्य में नेतृत्व का मुद्दा जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उनका यह बयान उस वक्त आया है जब कर्नाटक की सत्तारूढ़ पार्टी और राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि चार मई को चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद नेतृत्व परिवर्तन और कैबिनेट फेरबदल पर फैसले की संभावना है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ सत्ता साझा किए जाने के समझौते से जुड़ी चर्चा को हवा दे रहे हैं।

सुनीता कृष्णन को मिलेगा मातृभूमि पुरस्कार

कोझिकोड। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पद्म श्री से सम्मानित सुनीता कृष्णन को मातृभूमि समूह के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं नेता एम पी वीरेंद्र कुमार की स्मृति में स्थापित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रकाशन समूह द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह पुरस्कार कृष्णन द्वारा उन महिलाओं और बच्चों की निस्वार्थ सेवा के लिए है जिन्हें बहुत कम या बिल्कुल भी सहायता नहीं मिलती है। पुरस्कार विजेता का चयन न्यायमूर्ति के टी थॉमस, उपन्यासकार सारा जोसेफ और अनुभवी पत्रकार टी एन शशिकुमार वाले निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। इस पुरस्कार में एक पट्टिका, प्रमाणपत्र और पांच लाख रुपये की राशि शामिल है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

सूचना पत्र

प्रति,

(1) शरदबाला पति सुरेश जाति नाई, ग्राम धनोरा (नरहरपुर) (2) बुधारूराम पि. भैयाराम (3) जनकनंदनी पि. बिशेषर कौशिक (4) रेखराम पि. गोवर्धन (5) लीलाम्बर पि. मंगल (6) रमेश ध्रुव पि. अगनूराम ध्रुव

विषय- नक्शा बटांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम आमदी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1214/3, 1217/2 रकबा 0.21, 0.22 हे. का आवेदक/आवेदिका शरदबाला पति सुरेश निवासी धनोरा के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 04/12/2025 के अनुसार सीमांकन त्रुटि सुधार/नक्शा बटांकन/स्थल जांच दिनांक 04/05/2026 को दिन सोमवार समय 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण नक्शा बटांकन/स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। समय पश्चात आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

Name Change

AFFIDAVIT

I, hitherto known as **NAGESH KUMAR KUMBHAKAR S/O LAXMI NARAYAN KUMBHAKAR residing atH NO-288 WARD-07 STREET-02 LUCHKI PARA DURGA DIST- DURG, CG 491001,** have changed my name and shall hereafter be known as **NAGESH KUMBHKAR**

VERIFICATION:-

Verified at **New Delhi on 29/04/2026** that the contents of this affidavit are true and correct to the best of my belief and knowledge and nothing material has been concealed therein.

DEPONENT
Nagesh

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई–निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-38-26-27, दिनांकः 28.04.2026

कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/ मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत घुटकू, सलकारोड, खोंगसरा, हर्री और सारबहरा रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म का ऊँचा उठाना/ उन्नयन ।

निविदा मूल्य (रू.): 9,76,06,981.47/-, अमानत राशि (रू.): 19,52,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह, निविदा जमा की आरंभ तिथिः- दिनांकः 12.05.2026 के 11.00 बजे से । **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 26.05.2026 के 11:00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/66 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर IRS आश्रयों के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना

मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्नलिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

निविदा सूचना क्रमांक: GSU-EL-G-NAG-2026-27-03 दिनांक: 21.04.2026

कार्य का नाम: इलेक्ट्रिकल (G) कार्य से संबंधित: द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल के NSCB इतवारी, भंडारा रोड, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, छिंदवाड़ा और चांदा फोर्ट स्टेशनों पर IRS आश्रयों का प्रावधान।

निविदा मूल्य: ₹ 1,81,62,911/-

बयाना राशि: ₹ 3,63,300/-

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक **15.05.2026** के **15:00** बजे तक।

उपर्युक्त निविदा, निविदा दस्तावेज़ आदि की अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

MS/10-38

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/17, तिथिः 23.04.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय	मात्रा
1	03251985C	किट फॉर लोकिंग अरेंजमेंट फॉर सेंटर पिवोट पिन कसिस्टिंग ऑफ 3 आइटम्स	04.05.2026 At 10:30 hrs	62392 सेट
2	03262699	सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर)	18.05.2026 At 10:30 hrs	120 नग
3	04252408	4.5 के.डब्ल्यू. अंडरस्लूंग कॉन्स्टेंट वोल्टेज	15.05.2026 At 10:30 hrs	38 नग
4	06260116A	कॉम्पोजिट ग्रुव्ड रबर सोल प्लेट 10 एमएम थिक फॉर विडर पीएससी स्लीपर्स टू यूज़ विथ 60के.जी. (यूआईसी) एंड 52के.जी. रेल्स	15.05.2026 At 10:30 hrs	2349185 नग
5	05265144	एचएचटी (हैंड हेल्ड टर्मिनल)/ टेबलेट	19.05.2026 At 10:30 hrs	700 नग
6	02261793	सेट ऑफ मेंटेनेंस किट फॉर ड्रिप कप	21.05.2026 At 10:30 hrs	383 सेट
7	02264673	दूसरा टीओएच किट फॉर इलजी मेक कम्प्रेशर मोडल आरआर 20100	28.05.2026 At 10:30 hrs	55 सेट

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर **www.ireps.gov.in** पर देख सकते हैं ।

सहायक सामग्री प्रबंधक-IV
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/69

कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/174/नि.आ.सू./न.पा.परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांकः 30/04/2026

–: ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय):–

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम ई-टेण्डर न.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
190118	Construction of Inter State Bus Stand In District -Dantewada Part - 1	953.14	21.05.2026
190122	Construction of Inter State Bus Stand In District- Dantewada Part - II	899.23	

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

एनसीबी हिरासत में भेजा गया तस्कर सलीम डोला

मुंबई। कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर और माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी मोहम्मद सलीम डोला को यहां की अदालत ने 2023 मादक पदार्थ जब्ती मामले में बृहस्पतिवार को आठ मई तक स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में भेज दिया।

कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

EmailID :- cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/150/न.पं.भ./ लो.नि.वि. /2026-27 भटगांव, दिनांक 28/04/2026

E-Procurement Tender Notice (1st Call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

SNo.	Stage	Start	
		Date	Time
1	Bid Start Date	29-04-2026	10:00 AM
2	Bid Due Date	21-05-2026	17:30 PM
3	Physical Submission	26-05-2026	15:00 PM
4	Bid Open Date (Scheduled)	28-05-2026	11:30 AM to

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य की समय सीमा
1	189907	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नय कार्य।	34.73	26000.00	10000.00	06 माह

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** पर तथा विभागीय वेबसाइट **https://www.uad.cg.gov.in** पर डाउनलोड की जा सकती हैं। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
(ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन)

जोनल कार्यालय, रायपुर
सी–292, रंग ज्ञानेश्वर स्कूल के पास, वल्लभ नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई–मेल आई.डी.– crecaroraipur@gmail.com वेबसाईट – www.creda.co.in

क्र. 293 / जो.का.रा. / 2026–27 / रूचि की अभिव्यक्ति रायपुर, दिनांक– 30.04.2026

रूचि की अभिव्यक्ति

क्रेडा जोनल कार्यालय रायपुर अंतर्गत जिला रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद हेतु क्रेडा द्वारा स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों यथा सोलर ड्यूल पंप, सोलर पेयजल पंप, सोलर हाईमास्ट एवं अन्य संयंत्रों के संचालन, संधारण, रखरखाव तथा सौर सुजला योजनांतर्गत स्थापित सोलर सिंचाई पंपों एवं सोलर होम लाईट संयंत्रों के मॉनिटरिंग कार्य हेतु, परियोजना आवश्यकता की अवधि तक वार्षिक अनुबंध के आधार पर सेवाकर्ता इकाइयों से रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला का नाम	सामान्य सौर ऊर्जा संयंत्रों यथा सोलर ड्यूल पंप, सोलर पेयजल पंप, सोलर हाईमास्ट एवं अन्य संयंत्रों के संचालन, संधारण, रखरखाव तथा सौर सुजला योजनांतर्गत स्थापित सोलर सिंचाई पंपों एवं सोलर होम लाईट संयंत्रों के मॉनिटरिंग कार्य हेतु सेवाकर्ता इकाई की संख्या	योग
1	रायपुर	10	65
2	धमतरी	14	
3	बलौदाबाजार	11	
4	महासमुंद	15	
5	गरियाबंद	15	

सेवाकर्ता इकाई हेतु निर्धारित योग्यता:-

आवश्यकता है- तुलसी बाराडेरा एवं पिरदा रायपुर में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु अनुभवी PG/BED शिक्षिकाओं, ऑफिस इंचार्ज (PGDCA अनिवार्य) वेतन 7000- 15000 एवं महिला कर्मी (रहने की सुविधा) गुरु रामदास स्कूल रायपुर- 7898776764.(आरो-159)

ड्राइवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, संपर्क :- 9644720222.(आरो-05)

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338.(आरो-158)

सेल्समैन/ड्रायवर

आवश्यकता है- एफएमसीजी फर्म को रायपुर व आसपास सेल्समैन और ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें- 9039605299. (आरो-398)

हरिभूमि क्लासीफाईड

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप पर पार्टटाइम सायं 5.30 से 11.30 अथवा फुलटाइम नाइट ड्यूटी के लिए सेल्सगर्ल, सेल्स बॉयज की रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क:- 9098349144. (आरो-007)

सेल्समैन/हेल्पर

आवश्यकता है- थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु होलसेल में काम किया हुआ अनुभवी सेल्समैन एवं हेल्पर की आवश्यकता है, मिलने का समय दोपहर 3:00 से 6:00 बजे तक, पता: चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा, शॉप नं.D-29- 30, प्रथम गेट, टेक्सटाइल मार्केट, पंडरी, रायपुर, संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9425206658.(आरो-7270)

फील्ड/ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- जय अंबे गैस एजेंसी के लिए फील्ड एवं ऑफिस स्टाफ के लिए लड़कों की एवं मैकेनिक आवश्यकता है संपर्क -जय अंबे गैस एजेंसी सुपेला भिलाई डॉक्टर रतनतिवारी के आगे-9303991811.(आरो नं.-258)

ऑफिस इंचार्ज

आवश्यकता है- ऑफिस इंचार्ज (फीमेल) कंप्यूटर का दो साल का अनुभव उम्र 22 साल से 30 साल तक आस्था हियरिंग सेंटर सुपेला भिलाई मोबाइल नंबर - 9926324708.(आरो नं.-262)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- नर्स/ ब्रदर की जरूरत Salary अनुभव के आधार पे। सम्पर्क करें- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर। 9575042809. (10 am से 7 pm)(आरो-40723)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सुरक्षागार्ड/सुपरवाइजर

अतिशीघ्र आवश्यकता है- रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन 13000/- से योग्यतानुसार संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019.(आरो-005)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड और ऑफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता है पुरुष और महिलाओं की : पोस्ट(261) - (8th - 12th) सैलरी: 22500 से 39500 ड्यूटी जिलानुसार संपर्क करें :- 7389079603.(RO-041)

काउंसलर/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने हेतु 10 युवक- युवतियों की आवश्यकता है हेल्थ काउंसलर, टेलीकॉलिंग और ऑफिसवर्क, वेतन 7000-15000, दुर्ग-भिलाई एवं अनुभवी को प्राथमिकता- mo.-7999494437, 8269465640, 9109479330.(आरो नं.-259)

सुपरवाईजर/हेल्पर

आवश्यकता है- राईस मिल हेतु सुपरवाईजर के लिए 2 पद और हेल्पर के लिए 1 पद की आवश्यकता है उरला , रायपुर संपर्क करे 9826136200.(RO-077)

मेडिकल स्टोर सटाफ

आवश्यकता है- लक्ष्मी मेडिकल हॉल सुपेला एवं रिसाली भिलाई के लिए अनुभवी मेहनती एवं जिम्मेदार युवको की आवश्यकता है पद, मेडिकल स्टोर स्टाफ अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता सुविधाए PF, ESIC, अच्छा कार्य वातावरण, ग्रोथ के अवसर संपर्क करें - 9542174220, 8770361081. (आरो नं.-264)

ऑफिस/अकाउंटेंट

आवश्यकता है- छावनी भिलाई स्थित कंपनी में ऑफिस एवं अकांउट कार्य के लिए योग्य लेडिस स्टॉफ की जरूरत है अनुभवी एवं शादीशुदा को प्राथमिकता। संपर्क- 88151336750.(RO-160)

वेल्डर

आवश्यकता है- BSP भिलाई में मैकेनिकल फिटर एवं वेल्डर की। क्रेशर के मेंटेनेंस का अनुभव अनिवार्य। संपर्क करें: -9425234682, 9993007002.(आरो नं.-263)

डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- घर घर बॉटल दूध डिलीवरी हेतु मेहनती लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है । समय सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक स्थान :- समता कॉलोनी रायपुर संपर्क:-84630-84631.(आरो-08)

सिविल इंजीनियर

Wanted- required Urgent required civil engineer for site work and civil super-vaiser, Nalini Associates mo. 8349993093, 9300112093.(आरो नं.-265)

पैकिंग/हेल्पर कार्य

आवश्यकता है- चॉकलेट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534. (आरो-4022)

मीडिया कार्य

आवश्यकता है- प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हेतु युवक-युवतियाँ आवश्यकता तालपुरी ब्लॉक B, 92/C पारिजात अपार्टमेंट, भिलाई (छ.ग.) 9752070689, 0788-3591893, 9399447968, 10:30 AM 6:00 PM (आरो नं.-261)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो -4146)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - राजनंदगांव से चिचोला मेन रोड, NH 53 पर महाराजपुर राइस मिल के बाजू में प्लाट बेचना है 10000 से 20000 स्क्वायर फीट एरिया, फ्रंट 100 फीट उचित लेनदार ही संपर्क करें. मोबाइल नंबर 9229255000, 7089955000. (आरो-161)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

अर्जेंट बेचना है- टाटीबंध सरोना रेल्वे स्टेशन के सामने 13,500 स्क्वायर फीट में डायवर्टेड रेजिडेंशियल प्लॉट । संपर्क:- 9584444523, 9165586666. (आरो-009)

प्लॉट बेचना है - केंद्रीय रेल्वे स्टेशन से लगा 8500 स्क्वायर फीट में सेमी-कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु। जहां पर 1100 एकड़ में विकसित कमर्शियल आ रहा है। संपर्क:- 9584444523, 9165586666. (आरो-008)

For Rent किराया

किराए से देना है- डॉक्टर क्लीनिक /ऑफिस फुल फिर्नीश (ए.सी. फैन, टेबल, टॉयलेट) 525 Sq. Ft. शॉप नंबर 106, शांति रेसीडेंसी, गंगा डायग्नोस्टिक के सामने, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो. 7987779819.(आरो-156)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी यात्रा-पर्यटन आदि करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (इस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के आपसी वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्लासीफाईड

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100% EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP (Runing Matter) (Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday 800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday 1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday 1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



मेहनत उनकी लाठी है, मजबूत उनकी काठी है

विकास की वो नींव है, उनका जीवन सीख है

परम आदरणीय विकास पुरुष हम सबके प्रेरणास्रोत

श्री बृजमोहन अग्रवाल जी

सांसद-रायपुर लोकसभा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री (छ.ग. शासन) को





जन्मदिन

1 मई

की ढेर सारी बधाई

शुभकामनाएं



श्याम सुंदर अग्रवाल
मंडल प्रभारी-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

बृजेश पाण्डेय
प्रदेश संयोजक-भाजपा विधि प्रकोष्ठ

सालिक सिंह ठाकुर
पूर्व मंडल अध्यक्ष-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

राकेश यादव
वरिष्ठ भाजपा नेता

आशीष धनगर
पूर्व महामंत्री-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

मंजुल मयंक श्रीवास्तव
जिला संयोजक -आरटीआई प्रकोष्ठ

अमीर कोसे
महामंत्री-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

रवि भूते
महामंत्री-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

राज गायकवाड
जिला महामंत्री- भाजयुमो रायपुर

मुकेश यदु
अध्यक्ष-भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल

श्लोक शर्मा
जिला मंत्री - भाजयुमो रायपुर

महेश पाल
रायपुर (छत्तीसगढ़)

आयुष धनगर
महामंत्री -भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल

अभिमन्यु (मन्नू)
जिला मंत्री- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रायपुर

राजेश प्रजापति
कार्यालय मंत्री-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

अजय वंशी
प्रभारी- शा. स्वाध्याय मंडल-भाजयुमो रायपुर

सुधीर यादव, मनोज साहू, विजय सिंह , श्रीमती गौरी यदु, पुनीत देवांगन, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती रानी गुप्ता, कौशल श्रीवास, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती ममता नायक, अविनाश देवांगन, मनेंद्र यदु, राजू सोना, रामकुमार सगमा

विनीत : भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर (छ.ग.)

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	8	6	1	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
हैदराबाद	9	6	3	12
राजस्थान	9	6	3	12
गुजरात	9	5	4	10
चेन्नई	8	3	5	6
दिल्ली	8	3	5	6
कोलकाता	8	2	5	5
मुंबई	8	2	6	4
लखनऊ	8	2	6	4

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

ड्रेसिंग रूम में लगाया एक कश, पराग पर लगा 25 लाख का जुर्माना

बीसीसीआई ने की सख्त कार्रवाई, मैच फीस का 25 फीसदी पेनल्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हाल ही में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान पराग ड्रेसिंग रूम में कैमरे पर इलेक्ट्रिक सिगरेट पीते पकड़े गए थे।

जिसे खेल की छवि खराब करने वाला माना गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उनको नोटिस जारी करते हुए उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (COC) के अनुच्छेद 2.1 के तहत लेवल-1 का दोषी पाया।

पराग को हर मैच में मिलते हैं एक करोड़ रुपए

पराग को एक संस्करण के लिए 14 करोड़ रुपये मिलते हैं। इसके हिसाब से उनकी प्रति मैच फीस लगभग 1 करोड़ रुपये बैठती है। ऐसे में 25 प्रतिशत जुर्माना करीब 25 लाख रुपये का बनता है। इसे पहली बार की गलती माना गया, इसलिए इतने बड़े जुर्माने को काफी कड़ा फैसला माना जा रहा है। आमतौर पर पहली गलती पर इतनी भारी राशि का दंड कम ही देखने को मिलता है, इसलिए यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

इन नियम के तहत मिली पराग को सजा

ड्रेसिंग रूम में धूम्रपान को लेकर पहले से कोई स्पष्ट नियम या उदाहरण मौजूद नहीं था, इसलिए बीसीसीआई ने प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.21 लागू की है। यह धारा ऐसे व्यवहार से जुड़ी है, जिससे खेल की छवि खराब होती हो और जिसका जिक्र सीओसी में अलग से नहीं किया गया हो। इसके तहत सार्वजनिक रूप से गलत आचरण, अनुशासनहीन व्यवहार और खेल के हितों के खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियां भी शामिल होती हैं।



क्या कहता है कानून?

इलेक्ट्रिक सिगरेट पीना भारत में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के खिलाफ माना जाता है। यह कानून ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक लगाता है। पहली बार नियम तोड़ने वालों के लिए एक साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि पराग का मामला सिर्फ बीसीसीआई के जुर्माने तक सीमित रहता है या फिर उन्हें कानूनी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

आईपीएल 2026 में खामोश रहा है पराग का बल्ला

आईपीएल 2026 में पराग ने 9 पारियों में 14.62 की बेहद खराब औसत के साथ सिर्फ 117 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 124.46 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 29 रन है। उनकी टीम 6 मैच जीत चुकी है।



खबर संक्षेप

SAI भारतीय खेल प्राधिकरण SPORTS AUTHORITY OF INDIA

विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के लिए आर्थिक मदद मंजूर

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हाल में आयरलैंड में खत्म हुई आईबीएसएफ विश्व पुरुष बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता मंजूर की है। इसके तहत 2026 के विश्व चैंपियन सौरव कोठारी, कई बार के वर्ल्ड चैंपियन पंकज आडवाणी और कोच अशोक शांडिल्य को मदद दी गई है। यह चैंपियनशिप बुधवार को खत्म हुई। इसमें इन तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता योजना के तहत सरकार से मिले फंड से हिस्सा लिया। साइ ने टीम की भागीदारी के लिए भारतीय बिलियर्ड्स एंव स्नूकर महासंघ को लगभग 6.46 लाख रुपये के खर्च की मंजूरी दी। इस खर्चे में यात्रा, रहने-खाने और प्रतियोगिता से जुड़े अन्य जरूरी खर्च शामिल हैं। कोठारी ने आयरलैंड के कारलो में हमवतन आडवाणी को 1133–477 के बड़े अंतर से हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा।

रोड्स, क्लासेन और फाफ ने मिलकर ईटीपीएल की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी

T20 CRICKET

रोटरडम। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी है। रोटरडम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता के पहले सत्र में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन 26 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जाएगा। अन्य शहर आधारित फ्रेंचाइजी ग्लास्गो, एम्सटरडम, एडिनबर्ग, डबलिन और बेलफास्ट हैं। डु प्लेसी ने बयान में कहा, ''ईटीपीएल में जोंटी और क्लासेन के साथ मिलकर एक फ्रेंचाइजी हासिल करना मेरे लिए बहुत खास है। टीम के मालिक बनने की दिशा में यह मेरा पहला कदम है और इसका समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था क्योंकि यूरोपीय क्रिकेट आगे बढ़ रहा है।

गुजरात के कप्तान गिल ने बनाए सबसे ज्यादा 43 रन, रहे मैच के टॉप स्कोरर

आईपीएल : गुजरात टाइटंस ने आरसीबी को हराते हुए दर्ज की अपनी 5वीं जीत


एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 42वें मैच में गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हराते हुए अपनी 5वीं जीत दर्ज की जबकि बेंगलुरु तीसरा मैच हारी है। बेंगलुरु 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि गुजरात 10 अंक के साथ 5वें नंबर पर है।

अहमदाबाद में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। मेजबान टीम ने 156 रन का टारगेट 15.5 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। राशिद खान ने सुयश शर्मा की बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इस तरह से जीती जीटी की टीम

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 35 रन तक विराट कोहली (28) और जैकब बेथल (5) के विकेट गंवाए। निरंतर अंतराल पर गिर रहे विकेटों के बीच देवदत्त पडिक्कल ने 40 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। जीटी से अरशद खान ने 3 विकेट लिए। जवाब में साई सुदर्शन (6) के जल्दी आउट होने के बाद बटलर और गिल ने तेज रन बनाए। इसके बाद राहुल तेवतिया (27) ने जीत सुनिश्चित की।*



कोहली ने टी-20 लगाए 450 छक्के

कोहली ने 13 गेंदों में 28 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 5 चौके और एक छक्का लगाया। अपने इकलौते छक्के के साथ ही कोहली ने टी-20 क्रिकेट में अपने 450 छक्के पूरे किए। वह इस आंकड़े को छूने वाले दूसरे भारतीय बने। कोहली टी-20 क्रिकेट में 450 छक्के पूरे करने वाले विश्व के कुल 21वें बल्लेबाज बने। भारतीय बल्लेबाजों में कोहली से ज्यादा छक्के सिर्फ रोहित शर्मा (555) ने लगाए हैं।

भुवनेश्वर के पूरे हुए 350 विकेट

भुवनेश्वर ने अपने 4 ओवर में 28 रन देते हुए 3 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने अपने टी-20 करियर के 350 विकेट पूरे किए। जीटी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन उनका 350वां शिकार बने। टी-20 विकेटों के मामले में भारतीयों में भुवनेश्वर सिर्फ युजवेंद्र चहल से पीछे हैं। चहल 391 विकेटों के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। आईपीएल के इस संस्करण में भुवनेश्वर अब तक 17 विकेट ले चुके हैं।

आरआर और डीसी के बीच भिड़ंत आज



जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 43वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। आरआर ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। वहीं, 3 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। डीसी की टीम को 3 मैच में जीत और 5 मुकाबलों में हार मिली है। आरआर और डीसी के बीच यह मुकाबला 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा। आरआर के लिए वैभव ने पिछले 10 मैचों में 227.36 की स्ट्राइक रेट से 457 रन बनाए हैं। यशस्वी के बल्ले से पिछले 10 मैचों में 342 रन निकले हैं। डीसी के लिए राहुल ने पिछले 10 मैच में 183.63 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए हैं। गेंदबाजों में आर्चर ने पिछले 9 मैच में 8.27 की इकॉनमी से 14 विकेट लिए हैं। डीसी से कुलदीप ने पिछले 9 मैचों में 9.58 की इकॉनमी से 10 विकेट चटकाए हैं।

विश्व टीम टेबल टेनिस

भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई।

आईपीएल में 9,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने विराट कोहली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 39वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कीर्तिमान स्थापित किया है। दरअसल, कोहली आईपीएल के इतिहास में 9,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान अपने 11 रन पूरे करते ही ये आंकड़ा छूआ है।



बेमिसाल रहा है कोहली का आईपीएल करियर

कोहली ने 275वें मैच में अपने 9,000 रन पूरे किए हैं। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत और 133.80 की स्ट्राइक रेट के साथ 9,012 रन बनाए हैं। वह लीग में सर्वाधिक 8 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले कप्तान हैं कोहली

कोहली 2013 से 2021 के बीच पूर्णकालिक कप्तान के रूप में आरसीबी के लिए खेले। उन्होंने टीम का नेतृत्व करते हुए भी बल्ले से निरंतर बेहतर प्रदर्शन किया था। यही कारण है कि कोहली के नाम कप्तान के रूप में सबसे अधिक आईपीएल रन बनाने का रिकॉर्ड है।

वैभव बने एक संस्करण में सबसे तेज 400 रन बनाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 40वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 43 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने इस संस्करण 400 रन पूरे कर लिए। वह आईपीएल के इतिहास में एक संस्करण में सबसे तेज 400 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने 16 गेंदों का सामना किया और 43 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 268.75 की रही। ये खिलाड़ी आईपीएल 2026 में 400 रन बनाने वाला पहला बल्लेबाज बना। वैभव ने 9 मुकाबले खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 44.44 की औसत और 238.09 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। उनके बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 रन रहा है।



थॉमस कप फाइनल्स

क्वार्टर फाइनल में आज चीनी ताइपे से भिड़ेगी भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| होर्सेंस (डेनमार्क)

भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है।

इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है।

भारत के अभियान की जोरदार शुरुआत

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं।

चीन के पास वर्तमान में आक्रामक खिलाड़ी

मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। भारतीय टीम काफी अच्छी लय मेंदूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे। यहां उन्होंने अपने तीनों मैच जीते हैं। भारत के दो अनुभवी खिलाड़ियों एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने तीसरे एकल मुकाबले की जिम्मेदारी आपस में बांटी है।

आशीष, मुनाफ, जहीर डाल चुके हैं 19 डॉट बॉल

एक पारी में सुयश और चहार ने किया सबसे ज्यादा 20 डॉट बॉल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक इतिहास में जहां बल्लेबाज चौके-छक्कों की बारिश कर सुर्खियां बटोरते हैं। वहीं, गेंदबाज भी अपनी कसी हुई लाइन-लेंथ से मैच का रुख बदलने का दम रखते हैं।

एक पारी में 20 डॉट गेंदें फेंकना किसी भी गेंदबाज के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। यह आंकड़ा उनकी सटीकता, दबाव बनाने की क्षमता और खेल पर पकड़ को दर्शाता है। आइए जानते हैं उन गेंदबाजों के बारे में जिन्होंने यह खास मुकाम हासिल किया है।

सुयश शर्मा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिन गेंदबाज सुयश शर्मा आईपीएल में 20 गेंदें डॉट डालने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 ओवर गेंदबाजी की थी और 1 मेडन के साथ 7 रन देकर 1 विकेट लिया था। उनकी इकॉनमी 1.80 की रही थी। डीसी मैच में सिर्फ 75 रन पर बनाकर ऑलआउट हो गई थी। आरसीबी को उस मुकाबले में 9 विकेट से शानदार जीत मिली थी।



दीपक चाहर

इस सूची में पहले स्थान पर तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैं। इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2019 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में 20 डॉट गेंदें डाली थी। उस समय दीपक चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम का हिस्सा थे। अभी वह मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं। दीपक ने 4 ओवर में 20 रन खर्च कर 3 विकेट चटकाए थे। उनकी इकॉनमी 5 की थी। CSK को उस मैच में 7 विकेट से जीत मिली थी।

आठ गेंदबाजों ने डाली हैं 19 डॉट गेंदें

आईपीएल के इतिहास में 8 गेंदबाज ऐसे हैं, जिन्होंने एक पारी में 19 गेंदें डॉट डाली हैं। ये गेंदबाज फिडेल एडवर्ड्स (बनाम केकेआर, 2009), आशीष नेहरा (बनाम पीबीकेएस, 2009), मुनाफ पटेल (बनाम केकेआर, 2009), एस श्रीसंथ (बनाम डीसी, 2011), जहीर खान (बनाम सीएसके 2015), हर्षल पटेल (बनाम केकेआर, 2022), उमरान मलिक (बनाम आरसीबी 2022) और मोहम्मद शमी (बनाम डीसी, 2023) हैं।

एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द
चीनी हिस्से वाली विदेशी कंपनियों को होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार चीनी कंपनियों में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के



तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे।

मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीन/हांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं।

प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा

सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा।'

सुमीत ज्वेलर्स की 21वीं वर्षगांठ पर 'सेलिब्रेशन उत्सव'



रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान सुमीत ज्वेलर्स अपनी स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष 'सेलिब्रेशन उत्सव' का आयोजन कर रहा है। यह उत्सव 1 मई से 7 मई तक आयोजित होगा, जिसमें ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स, विशेष छूट और इनामों की श्रृंखला रखी गई है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, वर्षगांठ उत्सव के तहत ग्राहकों के लिए 21 लाख रुपये से अधिक के पुरस्कार घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही एक लाख रुपये या उससे अधिक की ज्वेलरी खरीदारी पर विशेष स्क्रैच एंड विन ऑफर का लाभ मिलेगा, जिसमें हर खरीदारी पर निश्चित उपहार जीतने का मौका रहेगा। उत्सव के दौरान ग्राहकों को 21 ग्राम गोल्ड कॉइन, 1.51 लाख रुपये मूल्य का विदेशी टूर, एक लाख रुपये की ईवी बाइक और 81 हजार रुपये मूल्य का आईफोन जैसे आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट और विशेष ऑफर के तहत सिर्फ 4.99 प्रतिशत से शुरू मेकिंग चार्ज की सुविधा भी दी जाएगी। सुमीत ज्वेलर्स प्रबंधन ने बताया कि पिछले 21 वर्षों में ग्राहकों के भरोसे और समर्थन से संस्थान ने यह मुकाम हासिल किया है। इसी विश्वास के सम्मान में यह आयोजन ग्राहकों को समर्पित किया गया है।

यादगार खरीदारी का अनुभव

'सालगिरह हमारी, उत्सव आपका' थीम पर आधारित यह आयोजन ग्राहकों के लिए यादगार खरीदारी अनुभव लेकर आएगा। प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए आकर्षक ऑफर्स के साथ अपनी पसंदीदा ज्वेलरी की खरीदारी करें। सुमीत ज्वेलर्स के शोरूम रायपुर, दुर्ग, राजिम, राजनांदगांव और कोरबा में स्थित हैं। विशेष उत्सव के दौरान रविवार को भी शोरूम खुले रहेंगे।

सरकार ने वोडाफोन आइडिया की एजीआर देनदारी घटाई



नई दिल्ली। सरकार ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसकी समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) देनदारी करीब 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये कर दी है। इसके साथ बकाया भुगतान पर पांच वर्ष की मोहलत भी दी गई है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, /"दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल, 2026 के अपने संचार में सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर 2025 तक एजीआर बकाये को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है।/" इससे पहले दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर देनदारी 87,695 करोड़ रुपये तय की थी। हालांकि इस देनदारी को बाद में पुनर्मूल्यांकन के अधीन रखा गया था। नियामकीय सूचना के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया को अंतिम बकाया राशि 10 वर्षों की अवधि में दो चरणों में चुकानी होगी। इसके तहत वित्त वर्ष 2031-32 से 2034-35 तक चार वर्षों में हर साल न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। शेष राशि वित्त वर्ष 2035-36 से 2040-41 के दौरान छह समान वार्षिक किस्तों में देनी होगी, जो प्रति वर्ष लगभग 10,608 करोड़ रुपये होगी।

आईडीबीआई बैंक के लाभ में पांच प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत गिरकर 1,943 करोड़ रुपये रह गया जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 2,051 करोड़ रुपये था।

एलआईसी के नियंत्रण वाले बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसका परिचालन लाभ घटकर 3,043 करोड़ रुपये रह जाने से मुनाफे पर असर पड़ा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 3,195 करोड़ रुपये था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 9,409 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 9,035 करोड़ रुपये थी। इसकी ब्याज आय भी बढ़कर 7,798 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष 6,979 करोड़ रुपये थी। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 3,851 करोड़ रुपये हो गई, जो साल भर पहले 3,290 करोड़ रुपये थी।





आलीशान सफर के एक टिकट की कीमत 18 लाख से भी अधिक

नई दिल्ली। रेगिस्तान की तपती धूप, सुनहरी रेत और शाही ठाठ, इन सबका मेल जब एक ही सफर में मिल जाए, तो अनुभव किसी सपने से कम नहीं लगता। राजस्थान की पहचान बन चुकी लग्जरी ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह कुछ अलग है। करीब 45 साल के इतिहास में पहली बार यह शाही ट्रेन मई की भीषण गर्मी में भी पर्यटकों को राजस्थान की सैर कराने जा रही है। अब तक यह ट्रेन केवल सर्दियों या सुहा वने मौसम में ही चलाई जाती थी, लेकिन बदलते हालातों और पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से यह नया कदम उठाया गया है। जानकारी के अनुसार, इस खास यात्रा के लिए एक राष्ट्रीयकृत बैंक ने अपने 84 सदस्यों के लिए पूरी ट्रेन को चार्टर बुक किया है। यह शाही सफर 20 मई को दिल्ली से शुरू होगा और 21 मई की सुबह जयपुर पहुंचेगा। जयपुर में मेहमानों के स्वागत के लिए भव्य तैयारियां की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को शुरुआत से ही रॉयल फील मिल सके। पर्यटन विशेषज्ञ इसे एक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं, क्योंकि हाल के समय में अंतरराष्ट्रीय हालात, खासतौर पर मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के चलते विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई है।

गर्मी को देखते हुए खास इंतजाम

मई की तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के अंदर सुविधाओं में भी बदलाव किए गए हैं। खासतौर पर खाने-पीने के मेन्यू को पूरी तरह से रीडिजाइन किया गया है, ताकि यात्रियों को सफर के दौरान ठंडक और राहत महसूस हो। इस बार ट्रेन जिस-जिस शहर से गुजरेगी, वहां के मशहूर ठंडे व्यंजन यात्रियों को परोसे जाएंगे।



स्वाद में भी मिलेगा शाही अंदाज

ट्रेन के प्रवक्ता हृदयेश चानसोनिया और हेड शेफ राजेंद्र के मुताबिक, यात्रियों के लिए खास तौर पर ऐसे पेय और डेजर्ट तैयार किए गए हैं जो गर्मी से राहत दें। सवाई माधोपुर में आम का पन्ना, चित्तौड़गढ़ में गुलाब की ठंडी खीर, उदयपुर में ठंडाई और जैसलमेर में ऑरेंज ड्रिंक जैसे रिफ्रेशिंग विकल्प मिलेंगे। वहीं जयपुर पहुंचने पर मेहमानों को पारंपरिक लस्सी, कुल्फी और फालूदा का स्वाद भी चखने को मिलेगा, जो इस सफर को और यादगार बना देगा।

कितना है किराया?

जहां सुविधाएं शाही हैं, वहीं इसका किराया भी आम लोगों की पहुंच से काफी दूर है। पैलेस ऑन व्हील्स देश की सबसे महंगी ट्रेनों में गिनी जाती है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, प्रेसिडेंशियल सुइट का किराया लगभग 2.67 लाख रुपये प्रतिदिन है, जो पूरे 7 रात और 8 दिन के पैकेज के लिए करीब 18.7 लाख रुपये तक पहुंच जाता है। इसी तरह सुइट श्रेणी में प्रति दिन करीब 2.18 लाख रुपये और पूरे पैकेज के लिए लगभग 15.3 लाख रुपये खर्च करने होते हैं। सुपर डीलक्स केबिन में सफर करने के लिए करीब 1.95 लाख रुपये प्रतिदिन या पूरे टूर के लिए लगभग 13.6 लाख रुपये चुकाने पड़ते हैं।

ममदानी का साहसिक बयान और कोहिनूर फिर आया वैश्विक चर्चा के केंद्र में

न्यूयार्क। ब्रिटिश राजघराने की शान और इतिहास के सबसे विवादास्पद रत्नों में शुमार कोहिनूर एक बार फिर वैश्विक चर्चा का केंद्र बन गया है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के एक साहसी बयान ने सदियों पुराने औपनिवेशिक घावों को फिर से हरा कर दिया है। किंग चार्ल्स III की अमेरिका यात्रा के दौरान कोहिनूर को भारत वापस लौटाने की मांग ने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचाई है, बल्कि उस बेशकीमती हीरे की असल कीमत और उसके पीछे के खूनी संघर्षों को भी सुर्खियों में ला दिया है। यह मुद्दा अब केवल एक आभूषण का नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत की बहाली का प्रतीक बन चुका है। ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स III और रानी कैमिला इन दिनों न्यूयॉर्क के दौरे पर हैं। इस यात्रा के बीच न्यूयॉर्क के युवा मेयर जोहरान ममदानी ने एक ऐसी मांग रख दी है, जिसने हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब ममदानी से पूछा गया कि किंग चार्ल्स से मुलाकात के दौरान उनका क्या संदेश होगा, तो उन्होंने दो टूक कहा कि वे किंग से कोहिनूर हीरा भारत को वापस लौटाने की बात करेंगे।

कोहिनूर की अनकही कीमत

कोहिनूर हीरा केवल एक पत्थर नहीं है, बल्कि यह दुनिया का सबसे नायाब और शुद्ध हीरा माना जाता है। 100 कैरेट से अधिक की शुद्धता वाला यह हीरा अपनी बनावट और चमक में अद्वितीय है। अगर इसकी आर्थिक कीमत की बात करें, तो विशेषज्ञों और विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार मौजूदा दौर में इसकी कीमत लगभग 1 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। भारतीय मुद्रा में यह रकम करीब 9,540 करोड़ रुपये बैठती है। हालांकि, इतिहासकारों का मानना है कि कोहिनूर जैसी ऐतिहासिक वस्तु की कीमत रुपयों में आंकना नामुमकिन है, क्योंकि इसका सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व अनमोल है।

न्यूयॉर्क मेयर ने किंग चार्ल्स से कहा- कोहिनूर भारत को लौटाएं



महारानी विक्टोरिया को तोहफा

ईस्ट इंडिया कंपनी ने जब कोहिनूर पर कब्जा कर लिया, तो इसे तत्कालीन ब्रिटिश महारानी विक्टोरिया को सौंपने का निर्णय लिया गया। लंदन पहुंचने के बाद इसे ब्रिटिश क्राउन ज्वेल (राजसी आभूषणों) का हिस्सा बना दिया गया। समय के साथ इसे कई बार तराशा गया ताकि इसकी चमक और बढ़ सके. यह हीरा लंबे समय तक दिवंगत महारानी एलिजाबेथ II के ताज की शोभा बढ़ाता रहा. भारत ने आजादी के बाद से कई बार आधिकारिक रूप से कोहिनूर की वापसी की मांग की है, लेकिन हर बार ब्रिटिश सरकार ने इसे संधि का हिस्सा बताकर लौटाने से इनकार कर दिया है।

10 साल के राजा से अंग्रेजों ने छीनी विरासत

कोहिनूर के भारत से ब्रिटेन जाने की कहानी किसी फिल्म की पटकथा से कम नहीं है। साल 1849 में दूसरे एंग्लो-सिख युद्ध के बाद ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने पंजाब पर अधिकार कर लिया था। उस समय पंजाब के महाराजा दलीप सिंह की उम्र महज 10 साल थी। ब्रिटिश अधिकारियों ने छोटे से बालक महाराजा को लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। इस संधि की एक प्रमुख और कठोर शर्त यह थी कि कोहिनूर हीरा हमेशा के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिया जाएगा। इस तरह छल और बल के दम पर भारत की यह विरासत सात समंदर पार चली गई।

क्या वापस आएगा भारत का गौरव?

जोहरान ममदानी ने जिस तरह सार्वजनिक रूप से किंग चार्ल्स के सामने कोहिनूर की वापसी का मुद्दा उठाने की बात कही है, उसने ब्रिटेन पर एक नैतिक दबाव बना दिया है। भारत सरकार और देश की जनता का हमेशा से मानना रहा है कि कोहिनूर कोई उपहार नहीं था, बल्कि इसे लूट के जरिए ले जाया गया था। हालांकि अंतरराष्ट्रीय कानून और संधियां जटिल हैं, लेकिन ममदानी जैसे युवा नेताओं के बयान दुनिया भर में इस धारणा को मजबूत कर रहे हैं कि अब ब्रिटेन को अपने औपनिवेशिक अतीत की गलतियों को सुधारना चाहिए और कोहिनूर को उसके असली घर यानी भारत वापस भेज देना चाहिए।

लंदन के टॉवर में कैद है चमक : वर्तमान में कोहिनूर हीरा किसी के सिर पर नहीं सज रहा, बल्कि इसे लंदन के टॉवर (**Tower of London**) में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

ईरान जंग, अमेरिका ने बहाए अरबों डॉलर पेंटागन ने पहली बार गिनाए युद्ध के महाखर्चे

वाशिंगटन। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहली बार आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका अब तक 25 अरब डॉलर (करीब 2.10 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर चुका है। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' (NASA) के इस साल के कुल बजट के बराबर है। रायटर्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से ठीक छह महीने पहले आए इन आंकड़ों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विपक्षी डेमोक्रेट्स ने इस अलोकप्रिय युद्ध को बढ़ती महंगाई और आम जनता की आर्थिक बदहाली से जोड़ना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध की वजह से अमेरिका में गैसोलीन और खाद की कीमतें आसमान छू रही हैं। गैसोलीन की औसत कीमत पिछले चार सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।



जंग की भारी कीमत: जान भी और माल भी 28 फरवरी से शुरू हुए इस हमले में अब तक 13 अमेरिकी सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों घायल हैं। युद्ध के कारण तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई बाधित होने से दुनिया भर के बाजारों में खलबली है।

पेंटागन और सांसदों के बीच तीखी बहस : सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सामने नियंत्रक जूल्स हर्स्ट ने बताया कि खर्च का बड़ा हिस्सा गोला-बारूद पर खर्च हुआ है।

गिरती लोकप्रियता ने बढ़ाई ट्रंप की चिंता

ताजा रॉयटर्स/इप्सोस सर्वे के मुताबिक, ईरान के साथ इस संघर्ष को लेकर अमेरिकी जनता का समर्थन लगातार घट रहा है। मार्च में जहां 38% लोग युद्ध के साथ थे, वहीं अब यह आंकड़ा गिरकर सिर्फ 34% रह गया है। गिरती लोकप्रियता और बढ़ती महंगाई ने नवंबर में होने वाले सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि माह अप्रैल 2026 का मासिक बिल

दिन	दर	राशि
30 दिन	5.00	150.00
	कुल	150.00

हरिभूमि के सुधि पाठक अप्रैल 2026 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

लिमिटेड पीरियड ऑफर
डाउन पेमेंट ₹5100*
इंस्टेंट कैशबैक ₹5000#



Smart Coloured TFT with 3 Modes
Honda RoadSync App
Smart Key Technology

Scooter बोले तो ACTIVA 110CC



एक्टिवा रेंज की शुरुआत होती है ₹77751^ से एक्स-शोरूम

IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | SHRIRAM Finance | L&T Finance | Chola Enter a better life | TATA CAPITAL

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Chhattisgarh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHATGAON:** Kiran Honda 9753264986; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9425560030; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda - 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto - 9575569608; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 8435090005; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **KANKER:** Shivnath Honda - 7970005301; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **NARAYANPUR:** Shri Ji Honda - 9406341563; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **LAWAN:** Kiran Honda 8889415022; **SANDI:** Kiran Honda 9039006981; **LIMTARA:** Mahalaxmi Honda - 7047015877; **SARSIWA:** Pratham Honda - 8770799808; **SIMGA:** Shiv Honda - 8319973368; **SUHELA:** Rajju Honda - 8819986810; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000; **NAGRI:** Nahta Honda - 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PALARI:** Shri Ram Honda - 9669537645; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932; **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com